## खास खबर

### भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष वर्मा ने की कार्यकारिणी घोषित, प्रेमलाल साहू व बिजेन्द्र सिंह बनाए गए महामंत्री

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवम प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी की सहमति से जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे विजेंद्र



सिंह एवं प्रेमलाल साहू महामंत्री बनाए गए। उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, रेखा राम बंछोर, मनीष साहू, सुनील साहू, राम उपकार तिवारी, पुरुषोत्तम देवांगन को बनाया गया वही कोष की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष विनोद सिंह एवं सह कोषाध्यक्ष कन्हैया सोनी को दी गई। मंत्री विजय जायसवाल, संतोष मौर्या, दिलीप पटेल उपासना साहू कीर्ति नायर के गणपति, गुरजीत सिंह को बनाया गया। जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कहा कि आप सभी की ताकत से हम 2024 में दुर्ग लोकसभा से एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे आप सभी पार्टी के गाइडलाइन मैं चलकर पार्टी के काम को लगातार आगे बढ़ाएंगे यही कामना करता हूं। उपयुक्त जानकारी मीडिया सह प्रभारी रणजीत सिंह ठाकुर द्वारा दी गई।

### पोषण पखवाड़ा आज से : पोषण जागरूकता के लिए आयोजित होंगी कई गतिविधियां

**रायपुर।** कुपोषण और एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से आगामी 09 मार्च से 23 मार्च तक प्रदेश में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जन समुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधी जानकारी का प्रचार कर व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के तहत इस वर्ष मुख्यत: तीन थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें पोषण भी पढ़ाई भी थीम के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में शिक्षा चौपाल का आयोजन और विशेष रूप से ईसीसीई लर्निंग कॉर्नर को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरी थीम के तहत जनजाति, पारंपरिक, क्षेत्रीय और स्थानीय आहार प्रथाओं पर पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। तीसरी थीम गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और शिशु एवं छोटे बच्चे के आहार संबंधी व्यवहार पर केन्द्रित है। पोषण पखवाड़ा को स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा जैसे कई विभागों के सहयोग से परिणाम मूलक बनाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं देखभाल संबंधी उचित आदतों के विकास एवं सुधार के संबन्ध में प्रदर्शन करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### महतारी वंदन सम्मेलन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी नें जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष में 10 मार्च को जिला मुख्यालय में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन ( जिला स्तरीय कार्यक्रम ) के सफ्ल संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार संबंधित नगर निगम हेतु आयुक्त नगर निगम को और जनपंद क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी बनाये गये है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च को जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मलेन का आयोजन विवेकानंद हॉल दुर्ग में किया जाएगा। इसी प्रकार भिलाई-01 में अम्बेडकर भवन , भिलाई-2 में नगर पालिक परिषद चरौदा, नगर पालिक निगम रिसाली में डोम शेड दशहरा मैदान रिसाली, पाटन/जामगांव एम में सामुदायिक भवन अटारी/पाटन एवं धमधा/अहिवारा में सर्व समाज मांगलिक भवन में महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# महतारी वंदन योजना से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर





**रायपुर, संवाददाता।**

साइंस कालेज मैदान में जुटी मातृशक्ति अद्भुत आत्मविश्वास और उत्साह से भरी हैं। यह आत्मविश्वास और उत्साह उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है। छत्तीसगढ़ महतारी को संवारने की दिशा में उन्होंने बड़ी भागीदारी निभाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उन्हें एक हजार रुपए महीने की गारंटी दी थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने सभी वर्गों के लिए मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने के साथ ही महिलाओं से किया वायदा भी पूरा किया है और आज महिलाओं के लिए मोदी जी की गारंटी का सपना पूरा हो रहा है।

**वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल**

## शहर के मैदानों में 3.67 करोड़ की लागत से तैयार होगी खेल सुविधाएं



**रायपुर।** रायगढ़ के खिलाडि़यों और खेल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से शहर के विभिन्न खेल मैदानों को संवारने और बेहतर खेल सुविधाएं मुहैय्या कराने के उद्देश्य से 3.67 करोड़ की लागत से खेल अधोसंरचना तैयार होने जा रही है। रायगढ़ शहर में पहली बार युवाओं के रुचि को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बॉक्स क्रिकेट कोर्ट बनाए जायेंगे। रायगढ़ शहर के 8 मैदान एवं नगर पंचायत पुसौर के 01 मैदान सहित कुल 9 स्थानों में यह बॉक्स क्रिकेट कोर्ट तैयार किया जाएगा। जिसमें रात में भी खिलाडि़यों के प्रेक्टिस करने के लिए लाईट के साथ सॉफ्टवेयर बेस्ड स्पॉट बुकिंग की सुविधा होगी। इसी तरह 10 जगहों पर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए जाएंगे।

जिसमें प्रमुख रूप से शहर के संजय मैदान रामभांठा, रामलीला मैदान, शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, रायगढ़ स्टेडियम बोइरदादार, नटवर स्कूल मैदान जैसे स्थान शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न खेल मैदानों में बाउंड्रीवाल भी तैयार किए जायेंगे। इसके लिए प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी। डीएमएफ मद से उक्त कार्य करवाए जायेंगे। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने गत दिवस रायगढ़ प्रवास के दौरान इन खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को निर्देश देते हुए कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए। जिससे शहर के खिलाडि़यों और खेल प्रेमियों को इन सभी सुविधाओं का लाभ जल्द मिल सके। स्वीकृत कार्यों में संजय मैदान रायगढ़ में 49.80 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल फेसिंग लाईट आदि निर्माण कार्य, संजय मैदान रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी तरह रामलीला मैदान रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य, पालीटेक्निक कालेज मैदान में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य, नगर पंचायत पुसौर में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट, एलईडी लाईट सहित निर्माण कार्य शामिल है।

## महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उमड़ा जन सैलाब



**गरियाबंद।** फ रवरी माघ पूर्णिमा से शुरू हुए राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं-दर्शनार्थियों की भीड़ जुटी। पूरे मेला क्षेत्र के चारों तरफ दर्शनार्थियों की रेलमपेल भीड़ रही। श्रद्धालु ब्रम्ह मुर्हुम में पुण्य स्नान कर नदी में दीपदान प्रवाहित किया। पश्चात श्री राजीव लोचन एवं श्री कुलेश्वरनाथ महादेव, बाबा गरीबनाथ के दर्शन करने पहुंचे।

दर्शन के बाद श्रद्धालु मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में परिवार, मित्रों के साथ घूमते हुए दिखाई दिए। मसलन संत समागम स्थल, झांकियां, विभिन्न स्टॉलों, शासकीय प्रदर्शनी, मीना बाजार आदि स्थानों में श्रद्धालु की भीड़ ही दिखाई दी। यह भीड़ गुरूवार की रात से जुटती गई, जो शुक्रवार महाशिवरात्रि की देर रात तक रही। दुकानदारों के लिए भी महाशिवरात्रि के दिन बहुत ही अच्छा साबित हुआ। मेला में सजी सभी दुकानों में खरीददारों की भीड़ नजर आयी। खासतौर से झुला, मौत कुंआ, भेलपुरी, चार्ट कार्नर, आईसक्रीम, गन्ना रस, क्राप्ट, दुकान जैसे रोड किनारे लगी सभी दुकाने भारी भीड़ रही। मेले का मुख्य आकर्षण दिन में मीना बाजार और शाम में महोत्सव स्थल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम बना था। संत समागम स्थल में बड़े-बड़े पंडाल बनाये गये है, संत समागम स्थल के ठीक बाजु में नागा बाबाओं का कैम्पस बनाया गया है यहां धुनि रमाय दर्जनों साधु संत उपस्थित है, जिनका भी दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। शासन द्वारा राजिम कुंभ को पर्यटन स्थल को और भव्य बनाने के लिए अनेक प्रयोग किए गए है वहीं लोमष ऋषि आश्रम के सामने पर्वत आकृति पर त्रिगौमुखी का आकर्षक दृष्य बना रहा है, इसी तरह मुख्य मंच के पास भगवान श्री राम की मूर्ति में लोग सेल्फी लेते दिखाई दिए। शासन की योजनाओं की जानकरी देने लगे स्टॉलों में भी भारी भीड़ रही।

लोग अपने परिवार के साथ मेले का मजा लेने पहुंचे हुए थे। रेत पर चल रहे खेल तमाशें करतब ने लोगों को खूब आकर्षित किया। विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालु राजिम कुंभ में आकर अपने आपको धन्य समझा और एहसास किया कि हम हरिद्वारा व काशी जैसे पावन तीर्थ स्थल पर का आभास हो रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरगा के बड़ौदा आरसेटी में नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह शामिल हुई। सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं कदम से कदम मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाएं हर असंभव कार्य को संभव बना सकती है। आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार को सहयोग भी दे रही हैं। सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती संगीता राव ने कहा कि महिलाएं भी राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहीं है। जिसके लिए उन्हें और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को लीड बैंक प्रबंधक सर्वेन्द्र मलिक एवं विभिन्न ब्रांच के महिला शाखा प्रबंधकों ने भी संबोधित किया।

## महाशिवरात्रि पर मंच निर्माण के लिए विधायक गजेंद्र ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दुर्ग वासियो को विकास कार्य की सौगात मिली। विधायक गजेंद्र यादव की पहली निधि से 30 स्थान पर मंच निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ।

गली मोहल्ले में होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजन के लिए उपयुक्त मंच मिलेगा। राजीव नगर के भूमिपूजन में महापौर धीरज बाकलीवाल भी शामिल हुए और बधाई देते हुए कहा की शिवशंकर की कृपा दुर्गवासियों पर बनी रहे और हमारा शहर विकास के पथ पर बढ़ता रहे।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि जनता से मिलकर वार्ड में जो भी मूलभूत समस्याएं है उसकी जानकारी लेकर निराकरण हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है। वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने वार्ड में होने वाले धार्मिक, सामाजिक आयोजन के लिए मंच की मांग किये थे जिसके लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर भगवान भोलेनाथ का पूजन कर आशीर्वाद लिया और विकास कार्य की नींव रखने वार्ड के पार्षद एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव के दौरान किये गए वादों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है, विकास कार्य के लिए स्वीकृति दिलाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दुर्गवासियों की ओर से आभार जताया है।

आज 8 मार्च का दिन महिलाओ के मान सम्मान बढ़ाने का दिन है ताकि देश और दुनिया की महिलाएं खुद को कमजोर नहीं माने और पुरुष वर्ग की बराबरी करके आगे बढ़ें। आज की शिक्षित महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी पूरी नौकरी कर परिवार को आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रहे है।



## 30 बरस के राजनीतिक जीवन में अनेक लोगों का इलाज कराया, जो आनंद इस काम में वो कहीं नहीं



**रायपुर।** स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को एसोसिएशन की ओर से एंबुलेंस की चाबी भेंट की । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय जूदेव से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय जूदेव से मैंने विनम्रता सीखी है। कार्यकर्ताओं के प्रति अपनापन सीखा है। उनके भीतर गहरा सेवा भाव था। मुझे भी यह सेवा भाव बहुत भाता है।

मरीजों के प्रति सेवा भाव में जो आनंद है। वह और किसी चीज में नहीं है। अपने 30 बरस के राजनीतिक जीवन में मैंने अनेक लोगों का इलाज कराया। यह मेरा सबसे बड़ा संतोष है। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्री के रूप में एक ही बरस में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह कर प्रधानमंत्री राहत कोष से 12 करोड रुपए की राशि से मरीजों का इलाज कराया। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्वकाल में हर दूसरे तीसरे दिन उन्हें किसी मरीज के इलाज के लिए पत्र लिखता था। वे कहते थे कि सबसे ज्यादा मरीजों के इलाज के लिए पत्र आपके पास से आते हैं। वे हमेशा मेरा आग्रह स्वीकार करते थे और मरीजों की इलाज के लिए तत्काल कार्रवाई कराते थे।

मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने जूदेव का स्मरण करते हुए कहा कि जूदेव मेरे राजनीतिक गुरु रहे और आज मैं जिस मुकाम पर हूँ वहाँ पहुंचने पर उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनसे मैंने राजनीति सीखी, विनम्रता सीखी, कार्यकर्ताओं से किस तरह व्यवहार करना चाहिए सब सीखा। मैं आप सभी एसोसिएशन के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आप सभी ने मरीजों की सेवा के लिए एम्बुलेंस भेंट किया है। मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए एक ट्रक ड्राइवर का किस्सा सुनाते हुए बताया कि दुर्घटना से ठीक होने के पश्चात ड्राइवर ट्यूमर से ग्रसित हो गया। ट्यूमर इतना बड़ा था कि ड्राइवर को ट्रक चलाने में भी परेशानी होने लगी और छिपाने के लिए हमेशा एक चादर ओढ़े रहता था।जब मुझे इस बात कि जानकारी हुई तो मैं उसे लेकर दिल्ली एम्स गया।

वहाँ डॉक्टर्स की टीम ने 16 किलोग्राम का ट्यूमर उस ड्राइवर के शरीर से काटकर अलग किया और उन्होंने बताया कि यह अपने तरह का पहला ऐसा मामला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो मुझे भी यह याद नहीं कि कितने लोगों का मैंने ईलाज करवाने में सहायता की। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों का धन्यवाद देते हुए कहा कि एम्बुलेंस भेंट करने का यह एक सराहनीय प्रयास है और बहुत ही अच्छा काम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। उनकी सोच है कि हम देश को फिर से विश्व गुरु बनाएं, फिर से यह देश सोने की चिड़िया कहलाये और विकसित भारत की हमारी परिकल्पना साकार हो। इस दिशा में उनका प्रयास सार्थक भी हो रहा है। 2014 से पहले हमारे देश की इकोनॉमी 11 वें स्थान पर थी इन 10 वर्षों में 5 वें स्थान पर आ गयी और आगे 5 वर्षों में तीसरे स्थान पर होंगी। विकसित भारत की ज़ब बात करते हैं तो हमें विकसित छत्तीसगढ़ की बात करनी होगी और विकसित छत्तीसगढ़ की बात करते हैं तो उनमें आप सबका योगदान जरूरी है। चाहे वह प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी हो चाहे उद्योगपति हो आप सभी का योगदान आवश्यक है। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने पर ही मोदी जी के विकसित भारत का सपना पूरा होगा।


पीएम मोदी 12 मार्च को पोखरण में भारत शक्ति अभ्यास देखेंगे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964


लालू के करीबी सुभाष यादव पर ईडी ने कसा शिकंजा, छापेमारी में 2 करोड़ कैश बरामद

वर्ष-60 › अंक -74 रायपुर सोमवार 11 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## विश्वनाथ धाम में मोदी ने हाथ में थामा त्रिशूल, माथे पर तिलक

**एजेंसी** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिन के यूपी दौरे पर हैं। शनिवार देर शाम पीएम काशी पहुंचे थे। यहां उन्होंने बाबतपुर एयरपोर्ट से करीब 30 KM का रोड शो किया। इसके बाद पीएम काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा का 30 मिनट तक पूजन किया।

PM ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना से मन को हमेशा अद्भुत संतोष मिलता है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा के बाद यूपी के योगी आदित्यनाथ ने को त्रिशूल गिफ्ट किया। मंदिर के बाहर


पीएम ने त्रिशूल उठाया और हर-हर महादेव का जयघोष किया।

काशी से बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद के साथ पीएम मोदी ने याद दिलाया सनातन परंपरा में नारियों का सम्मान

## मोदी ने बटन दबा अंतरित की महिलाओं को महतारी वंदन की राशि







### सीएम साय बोले- यह सौभाग्य की बात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज हमारे छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है. आज महतारी वंदन योजना की शुरुआत पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं. पीएम मोदी ने महतारी योजना की गारंटी दी थी और आज इसे पूरे किया जा रहा है. महिला सशक्तिकरण के लिए यह कदम उठाया गया है.

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश के 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त की राशि का अंतरण बटन दबाकर किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन ने प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी की है। योजना के तहत जिले की 2 लाख 33 हजार से ज्यादा महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किश्त की राशि का अन्तरण किया, जिसमें प्रत्येक महिला के खाते में एक-एक हजार रुपए मिल रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी जिलों से वर्चुअल रूप से जुड़कर महिलाओं को सम्बोधित किया। प्रदेश के सभी जिलों में जिला मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ को महतारी वंदन योजना को समर्पित किया है. 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को 1 हजार रुपये हर महीने देने का वादा किया था. बीजेपी सरकार ने अपना वादा पूरा किया है. आज पहली किस्त जारी कर दी गई है. बाबा विश्वनाथ की धरती से मैं आप सभी से बात कर रहा हूं. महिलाओं के खातों में अब हर महीने पैसे आते रहेंगे. सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। हमारी सनातन परंपरा कहती है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:, जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता का वास होता है. महतारी वंदन योजना के माध्यम से इस ध्येय वाक्य को धरातल में मूर्त रूप दिया गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और संकल्प से इस योजना का जन्म हुआ है. आज छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है. योजना के माध्यम से माता और बहनों को हर महीने एक हजार रुपये और हर साल 12 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी.

## सीएम योगी ने कहा, मोदी ने पूरा किया वादा हवाई चप्पल पहनने वाला उड़ेगा हवाई जहाज में

**एजेंसी।**

मंदुरी एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी ने जो वादा किया उसे पूरा किया। उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में बैठेगा। आज उसी वादे को पूरा करते हुए प्रदेश पांच एयरपोर्ट का लोकार्पण उनके द्वारा किया जा रहा है। 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का शिलान्यास करने के लिए आए थे तो उन्होंने कहा था मेरा सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में उड़े। आज वह वादा पूरा हो रहा है। आज प्रधानमंत्री यहां पर होली से पहले 2400 करोड़ से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग आजमगढ़ के नाम से भयभीत होते थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण आजमगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर है। आज जिले को विश्वविद्यालय मिला। हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय खुल रहा। जिसका निर्माण चल रहा है।

**पूर्वी उप्र की अर्थव्यवस्था को नई पहचान दे रहा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे** - सीएम ने कहा कि 22 हजार करोड़ से अधिक की लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे आजमगढ़ के विकास की धुरी बन चुका है। इसने पूर्वी उप्र की अर्थव्यवस्था को नई पहचान देने का कार्य किया है। आजमगढ़वासी मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा आजमगढ़ के एयरपोर्ट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके साथ ही वायुसेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। पीएम के सहयोग से आज उप्र को पांच नए एयरपोर्ट प्राप्त होने जा रहे हैं, डबल इंजन सरकार ने प्रयास किया है कि यहां बेहतरीन सुविधा



प्राप्त हो। सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आजमगढ़ की कला को नई पहचान देने के लिए हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्थानीय उत्पादों को एक जिला, एक उत्पाद के रूप में देश-दुनिया में पहचान दी है। ब्लैक पॉटरी और मुबारकपुर की रेशमी साड़ियों को भी सात वर्ष के अंदर नई पहचान प्राप्त हो रही है।

## आजमगढ़ को पीएम नरेंद्र मोदी की सौगात : सपा पर साधा निशाना





**एजेंसी।** डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों का हजारों करोड़ का बकाया खत्म कराया है, जबकि पहले की सरकारों ने उन्हें पाई-पाई के लिए तरसाने का काम किया। लोकसभा चुनाव से पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी कई राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। इस बीच 9 मार्च को पीएम मोदी वाराणसी पहुंचे। वहीं 10 मार्च को प्रधानमंत्री आजमगढ़ जिले में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने हजारों करोड़ों की लागत से बने कई परियोजनाओं का उन्होंने उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही आजमगढ़ में एयरपोर्ट और सुहेलदेव यूनिवर्सिटी का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को काम को हम छोटे-छोटे शहरों तक ले जा रहे हैं। बड़े मेट्रो शहर जितने हकदार हैं उतने ही छोटे शहर भी इस विकास के अधिकारी हैं। मोदी ने कहा कि हम प्लानिंग को ध्यान में रखकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में विकास किया जा रहा है। सबका साथ और सबका विकास का यही विजन है। डबल इंजन सरकार का यही मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई कनेक्टिविटी पूर्वांचल के किसानों और उद्यमियों के लिए सुनहरा भविष्य लिखने जा रही है।

## तेलंगाना में विपक्षी नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**एजेंसी ।** पार्टी में शामिल होने वालों में गोदाम नागेश और सीताराम नायक और पूर्व बीआरएस विधायक सईदी रेड्डी और जलागम वेंकट राव और श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण ने उनका स्वागत किया और कहा कि जहां अन्य दलों के नेता अपने बेटे-बेटियों के भविष्य के लिए काम कर रहे हैं, वहीं पीएम मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं।

**वंशवादी पार्टी से तंग आ चुके हैं लोग- तरूण चुघ**

भाजपा महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि लोग वंशवादी और भ्रष्ट पार्टियों से तंग आ चुके हैं, लोग में इन वंशवादी पार्टियों के प्रति आक्रोश हैं। इस दौरान चुघ ने कई क्षमताओं में उनके काम के लिए इन नेताओं की सराहना की। बीआरएस अब ट्रिपल बी पार्टी है।

## लखपति दीदियों को करोड़पति बनाने का अद्भुत प्लान




**एजेंसी।**

सामान्य महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण करते हुए उन्हें लखपति बनाने का केंद्र सरकार का आइडिया खूब काम कर रहा है। देश के सभी क्षेत्रों में महिलाएं इस योजना के कारण न केवल आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि वे लखपति भी बन चुकी हैं, लेकिन सरकार केवल इतने से संतुष्ट नहीं है। वह अब लखपति दीदियों को करोड़पति बनाने का प्लान बना रही है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक कार्यक्रम के दौरान ऐसे ही संकेत दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि अब तक जिन महिलाओं को साधारण कहा जा रहा था, वे अब लखपति बन रही हैं। वे अपने परिवार वालों पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वे स्वयं परिवार चलाने में आर्थिक तौर पर सक्षम बन चुकी हैं। इसे आगे बढ़ाते हुए संबंधित संस्थाओं को इन महिलाओं को करोड़पति बनने का मार्ग बनाना चाहिए। डायरेक्ट सेलिंग पैसा कमाने का सबसे सीधा रास्ता माना जाता है। संगठनों को डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी महिलाओं के आर्थिक विकास के रास्ते खोलने चाहिए।

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का प्रयास



**एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम साय ने स्वयं बाल विवाह रोकथाम संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए।

अभियान का संचालन प्रदेश में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से यूनिसेफ के सहयोग से किया जाएगा। सम्मेलन में सीएम ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के ब्रोशर का अनावरण किया। महिलाओं को बाल विवाह रोकने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और महिलाओं ने, बाल विवाह नहीं करवाने, समाज में बाल विवाह के रूप में व्याप्त बुराई का सदा विरोध करने और बाल विवाह रोकने के लिए आमजन को जागरूक करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 12.1 प्रतिशत बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हो जाता है। इसमें सूरजपुर जिले में सर्वाधिक 34.28 प्रतिशत, बलरामपुर में 24.60 प्रतिशत, कोरिया जिले में 22.89 प्रतिशत और जशपुर जिले में 21.90 प्रतिशत बाल विवाह होता है।

बाल विवाह के इन आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के माध्यम से जन भागीदारी को मूल मंत्र मानते हुए समुदाय में बाल विवाह के खिलाफ एक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें पंचायत राज संस्थानों व नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों, युवा संगठनों, शासकीय विभागों, गैर शासकीय संस्थाओं और आमजनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## ऐन लोस चुनाव के पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफा से हड़कंप, सीईसी को छोड़कर सारे पद रिक्त

**एजेंसी।**



नई दिल्ली. लोकसभा चुनाव 2024 के ऐलान के पहले ही चुनाव आयोग में बड़ा चौंकाने वाला मामला सामने आया है. चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. गोयल के इस्तीफा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार भी कर लिया है. 9 मार्च से चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा प्रभावी माना गया है. चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफा के बाद भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के दोनों पद खाली हो गए हैं. एक चुनाव आयुक्त का पद पहले से ही खाली था. अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हैं.

**ईसीआई के तीन प्रमुख पदों में दो खाली** - भारत चुनाव आयोग यानी इलेक्शन कमीशन ऑफइंडिया में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दो चुनाव आयुक्त भी होते हैं. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार वर्तमान में अकेले ही बचे हुए हैं. चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया है, जबकि एक दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय बीते फरवरी में रिटायर हो गए.

**मुख्य चुनाव आयुक्त अगले साल होने के पहले रिटायर** - चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का रिजाइन काफी अचंभित करने वाला है. यह इसलिए क्योंकि गोयल की सर्विस 2027 तक थी. वह अगले साल रिटायर हो रहे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की जगह मुख्य चुनाव आयुक्त बनते. अरुण गोयल, 1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी हैं. नवम्बर 2022 में उनकी नियुक्ति चुनाव आयोग में हुई थी।

## सुरक्षा बलों ने पुंछ में आतंकी ठिकाने का किया भंडाफोड़, बरामद किए 7 आईईडी

**एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने रविवार को सात आईईडी बरामद किए. इससे एक बड़ी त्रासदी टल गई. पुलिस ने बताया, राष्ट्रीय राइफल्स और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान के दौरान जिले के सुरनकोट तहसील के दारा सांगला इलाके से आईईडी और एक वायरलेस सेट बरामद किया.

पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके से सभी आईईडी को सुरक्षित हटा दिया है. आईईडी एक मंदिर के नजदीक पाए गए थे। इन विस्फोटक उपकरणों की समय पर बरामदगी से एक बड़ी त्रासदी टल गई, क्योंकि मंदिर में स्थानीय लोगों की भीड़ होती है। अधिकारियों कहना है कि कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है



कि इस ठिकाने का इस्तेमाल दो दशक पहले क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों द्वारा किया गया था।

## अपने ही पालतू आतंकियों पर UN में सवाल उठा रहा पाक

**नई दिल्ली। एजेंसी।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में कश्मीर मुद्दे पर अक्सर भारत के खिलाफ मुखर रहने वाला पाकिस्तान अब अपने ही पाले हुए आतंकी संगठनों से दर्द झेल रहा है। संयुक्त राष्ट्र में इन समूहों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मजबूर होकर, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ संबंध तोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीटीपी की गतिविधियां पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय हैं और पाकिस्तान अफगान तालिबान पर प्रभाव होने का दावा करता है।

पाकिस्तानी दूत ने चेतावनी दी कि टीटीपी पर लगाम लगाने में विफलता अंततः इसे वैश्विक आतंकवादी खतरा बना सकती है। अफगानिस्तान पर यूएनएससी के एक विशेष सत्र के दौरान, पाकिस्तानी



राजदूत ने उल्लेख किया कि पाकिस्तान को पिछले साल 306 आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा, जिसमें 23 आत्मघाती बम विस्फोट शामिल थे, जिसके परिणामस्वरूप 693 मौतें हुईं और 1,124 घायल हुए। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ पीस स्टडीज के आंकड़ों के अनुसार, अकेले फरवरी में, पाकिस्तान में 97 आतंकवादी हमले हुए, जिनमें 87 मौतें हुईं और 118 घायल हुए।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 78त्न आतंकवादी हमले टीटीपी द्वारा किए जाते हैं, क्योंकि इन हमलों को पाकिस्तानी सरकार पर बातचीत के लिए दबाव बनाने के साधन के रूप में देखा जाता है। टीटीपी की हिंसा पर निर्भरता पाकिस्तानी सरकार पर दबाव डालती है। इन समूहों पर अफगान तालिबान का नियंत्रण इस दबाव में योगदान देता है, क्योंकि ये संगठन अफगान तालिबान द्वारा समर्थित महसूस करते हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधियों ने बताया कि अफगान सरकार तालिबान को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रही है, जबकि अन्य आतंकवादी समूह भी प्रमुखता हासिल कर रहे हैं।

पाकिस्तान, जो पहले अफगानिस्तान में तालिबान के नियंत्रण से संतुष्ट था और इसे भारत की हार के रूप में चित्रित कर रहा था, अब उसे अपने ही पोषित आतंकवादी संगठनों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, पाकिस्तान ने इन समूहों के खिलाफसंयुक्त राष्ट्र में अपना रुख बदल दिया। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पश्तून पहचान को लेकर लंबे समय से अलगाववाद चल रहा है, जबकि खैबर में पश्तूनों को अफगानिस्तान से समर्थन मिलता है।

## खास खबर

### बार एंड रॉड मिल ने वार्षिक रेटेड क्षमता को पार कर रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की उच्च स्तरीय स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने, वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूरा होने से लगभग 25 दिन पहले, 5 मार्च 2024 को अपनी वार्षिक रेटेड क्षमता 0.9 मिलियन टन या 90 लाख टन के मील के पत्थर को पार कर लिया। 5 मार्च 2024 की प्रथम पाली के दौरान टीम बीआरएम ने यह मील का पत्थर पार किया। उल्लेखनीय है कि मिल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर और निर्माण परियोजनाओं में उपयोग के लिए टीएमटी बार्स के कुछ नए ग्रेड तैयार किए हैं। नए ग्रेड प्लांट के गुणवत्ता विभाग और स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के सहयोग से विकसित किए गए। एसएमएस-3 मिल को वांछित ग्रेड के कास्ट बिलेट्स की आपूर्ति करता है। इन वैल्यू एडेड ग्रेडों से संयंत्र के शुद्ध बिक्री लाभों में बढ़ोत्तरी भी हुई है। मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 के अक्टूबर महीने में 1,01,111 टन टीएमटी बार्स उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज किया था। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए टीम बीआरएम और सभी संबद्ध शॉप्स को बधाई दी है। संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बीआरएम बिरादरी को बधाई दी है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरे बीआरएम टीम को धन्यवाद देते हुए, बार एंड रॉड मिल के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष शांतनु कुमार बेहरा ने कहा कि यह केवल टीम बीआरएम के संयुक्त प्रयासों के कारण ही संभव हो सका है। उत्कृष्टता की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखते हुए, बार एंड रॉड मिल ने 7 मार्च 2024 को दैनिक और पाली रिकॉर्ड दर्ज किया। मिल ने 7 मार्च 2024 को किसी भी प्रोफाइल में अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज करते हुए 16 मिमी मोटाई के 3802 टन टीएमटी बार्स का उत्पादन कर, 30 अगस्त 2023 को दर्ज 3757 टन उत्पादन रिकॉर्ड को पार किया।

### दुर्ग की तबस्सुम ने रचा इतिहास : मिक्स डबल इवेंट में बनी राष्ट्रीय चैंपियन

**दुर्ग।** नागपुर में आयोजित 9 वीं सीनियर मिनीगोल्फराष्ट्रीय चयन स्पर्धा संपन्न हुई जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से विविध केटेगरी में 40 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। प्रदेश टीम के मैनेजर हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह स्पर्धा नाकआउट पद्धति से खेली गई । प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप हेतु रायपुर के दावड़ा यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्य चयन स्पर्धा में खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हेमंत ने आगे बताया कि झलप निवासी एस एम इमरान व तबस्सुम ने मिक्स डबल इवेंट में भाग लेकर बिना कोई मैच हारे शानदार खेल का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चैंपियन का गौरव हासिल करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रदेश की मिक्स डबल की टीम में शामिल इमरान व तबस्सुम ने केरल, तमिलनाडु, हरियाणा व ओडिशा जैसी मजबूत टीम को हराकर एक नई कीर्तिमान बनाते हुए जिले व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रदेश टीम के मैनेजर व मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफछत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी हेमन्त खुटे को भी राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में रेफरी की भूमिका निभाने के लिए अतिथियों ने मंच पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री साय ने कबीरधाम जिले में 118.24 करोड़ रुपए के 154 कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आग्रह पर मुख्यमंत्री साय ने नहर विस्तारीकरण सहित विभिन्न कार्यों की रखी आधारशिला

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले के ग्राम कुरूवा में आयोजित साहू समाज के सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर जिले के विकास के लिए 118 करोड़ 24 लाख 16 हजार रूपए की लागत के 154 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री साय से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप जिले के समग्र विकास के लिए विशेष अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन से पहले कर्मा मैदान परिसर में विधि-विधान से पूजा की और प्रदेश वासियो को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सासंद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सिया राम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में मछली पालन और उद्यान विभाग की हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत 1 करोड़ 50 लाख 30 हजार रूपए की सामाग्री का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले में सिंचाई क्षमता एवं जलाशय की नहर विस्तारीकरण के लिए 107 करोड़ 07 लाख 94 हजार रूपए की लागत से कुल 09 कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 84 करोड़ 70 लाख 72 हजार रूपए की लागत से विकासखंड सहसपुर लोहारा की बोरोदाखुर्द जलाशय योजना का निर्माण कार्य, 13 करोड़ 94 हजार रूपए की लागत से विकासखंड कवर्धा की सरोदा मध्यम जलाशय अंतर्गत अगरी माईनर का रिमाडलिंग एवं विस्तारीकरण कार्य, 6 करोड़ 10 लाख 69 हजार रूपए की लागत से भाटकुंडेरा (ठाठापुर) व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रूपए की लागत से विकासखंड सहसपुर लोहारा की सोनझरी जलाशय योजना के आरबीसी एवं एलबीसी के नहर लायनिंग कार्य, 2 करोड़ 43 लाख 49 हजार रूपए की लागत से विकासखंड बोड़ला की सरईपतेरा व्यपवर्तन योजना के गेट सुधार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 97 लाख 27 हजार रूपए की लागत से छीरपानी मध्यम जलाशय अंतर्गत छीरपानी एवं निरीक्षण कुटीर का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य, 2 करोड़ 10 लाख 49 हजार रूपए की लागत से सुखानाला व्यपवर्तन का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 92 लाख 43 हजार हजार रूपए की लागत से राजपुर व्यपवर्तन कार्य प्रारंभ से 5000 मीटर तक कार्य, 2 करोड़ 92 लाख 31 हजार रूपए की लागत से बेल्हरी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं मुख्य नहर का मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य लंबाई 6200 मीटर के कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंडी मद अंतर्गत 11 करोड़ 03 लाख 22 हजार रूपए की लागत से 143 विकास कार्य और निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने 6.50-6.50 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत कल्याणपुर में दो सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

### एक महिला शिक्षित है तो पूरा घर शिक्षित होता है: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मैं अपने गाँव की सरपंच थीं। मैं और मेरे पति गाँव को सुधारने में सक्रिय थे। हम दोनों को विकास कार्य के लिए धमकियों का सामना करना पड़ता था। विकास कार्यों को रोकने के लिए हम पर दबाव बनाया जाता था। हमारी स्कूल और आंगनबाड़ी को बंद करने को कहा गया। मुझे इस बात की बहुत पीड़ा थी। मैंने नक्सलियों का विरोध करने का निर्णय लिया। अपने समाज की समस्याओं को अंतरमन से समझकर मुझे स्वयं को सशक्त बनाने की जरूरत महसूस हुई और मैं फाइटर बन गई। आज मैं अपने पति से भी ज्यादा शक्तिशाली महसूस करती हूं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बात करते हुए बस्तर फाइटर नारायणपुर की पोकेश्वरी सलाम ने अपने जीवन की आपबीती मुख्यमंत्री को बतायी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दंतेवाड़ा के जावंगा एजुकेशन सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दंतेश्वरी फाइटर्स, बस्तर फाइटर्स के महिला जवानों से संवाद किया। इस दौरान महिला जवानो ने मुख्यमंत्री से अपने जीवन के अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पोकेश्वरी आपके साहस को सलाम करता हूँ मैं भी पंच पद से राजनीति जीवन शुरू किया था आज जनता के आशीर्वाद से सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्र में मंत्री पद के साथ अब प्रदेश का मुख्यमंत्री बना। शीतल ने बताया कि मेरा गांव भी नक्सल आतंकवाद से पीड़ित था।

# पाली महोत्सव से मिलती है छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अलग पहचान: लखनलाल देवांगन

## उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री तथा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय की उपस्थिति में पाली महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर्व सहित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित कोरबा जिले के ग्राम केराझरिया में दो दिवसीय पाली महोत्सव का शुभारंभ उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन,राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और महाशिवरात्रि की बधाई दी और कहा कि पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पाली महोत्सव के माध्यम से यहाँ की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है।



महोत्सव में मुख्य अतिथि मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पाली महोत्सव का आयोजन इस क्षेत्र के लोगों के गौरव से जुड़ा है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय हुई थी। इसे भव्य रूप से मनाते हुए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा कर राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में फैसला लिया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी, 31 सौ रुपये धान का मूल्य का वादा पूरा किया जाएगा। शीघ्र ही 12 मार्च को अंतर की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता का पारिश्रमिक मूल्य चार हजार से 55 सौ प्रति मानक बोरा किया गया है। महतारी वन्दन योजना के माध्यम से 10 मार्च से सभी पात्र महिलाओं के खाते में राशि हर माह एक हजार रुपए प्रदान की जाएगी।

इस दौरान राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान महादेव हमारे देश में आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम सबकी कामना है कि महादेव हम सभी देशवासियों को खुश रखे,उन्हें सफलता की राह में आगे बढ़ाए। हमारा छत्तीसगढ़ और हमारा भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने महिला दिवस से जोड़कर कार्यक्रम का आयोजन करने और महिला कलाकारों का सम्मान किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि हमारे देश में नारी शक्ति वंदनीय है।

सरकार द्वारा महतारी वन्दन योजना के माध्यम से नारी शक्ति को आर्थिक रुप से सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को लगातार विकास की राह में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने महिला दिवस और महाशिवरात्रि की सभी को बधाई दी। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने राज्य शासन की योजनाओं के बारे में बताते हुए लोगों को इसका लाभ उठाने तथा पाली महोत्सव के आयोजन में सभी को सम्मिलित होने की अपील की। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्वागत भाषण के माध्यम से पाली महोत्सव के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि पर्व और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान रखकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# जिले में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव परिवार समिति दुरपा की ओर से शिव बारात का आयोजन किया गया। पावर हाउस रोड शिव मंदिर से शुरू होकर भगवान ब्रह्मा, विष्णु व विविध भेष धारियों के साथ काली मंदिर दुरपा तक निकली बारात के साथ शोभायात्रा दर्शनीय रही। बारात के दौरान शिव से जुड़े विभिन्न कथानकों को झलकी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। दुरपा शिवमंदिर में बारात के पहुंचने के पश्चात प्रतीकात्मक शिव पार्वती विवाह आयोजित की गई। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में विविध आयोजन का दौरा सुबह से देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर भक्तों ने पूजा पाठ व जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

महाशिवरात्रि का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध झलकियों के साथ निकाली गई शिव बारात शहर भर में आकर्षण का केंद्र रहा। मथुरा व मेरठ से पहुंचे विशेष झांकी दलों की ओर से शिवपुराण से जुड़ी कथाओं को जीवंत करते हुए प्रस्तुति दी गई। मंदिरों में शिवलिंग में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा आराधना में के लिए व्रती श्रद्धालुओं ने पहले से ही तैयारी कर ली थी। भक्तों ने उपवास रखकर शिव की आराधना की। इस कड़ी में शहर के सप्तदेव मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंग जलाभिषेक करने महिला श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। साडा कालोनी स्थित शिव मंदिर रूद्राभिषेक से भक्तों ने शिव पूजा की। शाकंभरी मंदिर कोसाबाड़ी में सुबह से भक्तों की कतार लगी रही। पूरा वातावरण शिव भक्ति से ओतप्रोत रहा। मंदिर में स्थापित शिवलिंग बेलपान, फू ल, आंक, धतूरा, कनेर आदि से आच्छादित रहे। शहरी शिवमंदिरों के अलावा कटघोरा, करतलाा, बरपाली, बांकीमोंगरा, दीपका, जवाली, चाकाबूड़ा, पसान, तूमान, चैतमा, पाली, छुरी, दर्री, जमनीपाली, बांकीमोगरा, बालको आदि स्थानों पर शिवरात्रि पर्व का उत्साह रहा।

# जेएलएन अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत आयोजित रक्तदान कार्यक्रम

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के तहत रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च, 2024 को किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय महिलाओं पर निवेश से प्रगति में तेजी है। इस रक्तदान कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता को पूरा करने हेतु जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ महिलाओं को स्वैच्छिक रक्त-दाताओं के रूप में प्रोत्साहित करना है।




रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) निशा सोनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी विषेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (एम एंड एचएस) डॉ रवींद्रनाथ एम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ एस निली कुजूर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ लता देवांगन, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ संगीता कामरा और महाप्रबंधक (एसएमएस-3) पुष्पा एम्ब्रोस सहित चिकित्सालय के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकगण एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्लड सेंटर के डॉ दीपक दाश महापात्रा और राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जेएलएन चिकित्सालय की ब्लड सेंटर टीम ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। चिकित्सालय एवं संयंत्र की महिला कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेकर समाज के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अस्पताल में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए गए थे। 'इनर व्हील क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी' नामक स्वैच्छिक रक्तदाता संगठन ने भी इस रक्तदान कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत आयोजित इस रक्तदान कार्यक्रम में कुल 23 स्वस्थ व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

रक्तदान कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाताओं में शामिल हैं डॉ पूजा सियाल, डॉ लता देवांगन,पुस्पा एम्ब्रोस, डॉ गायत्री देवी नाटी, पिंकी लाल आर, निशा बाउल, डॉली साहू, डॉ आकांक्षा शर्मा, गीता घोष, गीतांजलि नायक, डॉ अमित नायक, ज्योति, वन्दना सोनी, तुहेन्द्र सिंह, पुष्पलता, डॉ रौनक दास, आशीष देशमुख, संध्या देवी शर्मा, एस संजीव तथा बिंदु कुरूप। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का वैश्विक उपलक्ष्य है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय महिलाओं पर निवेश से प्रगति में तेजी महिलाओं पर निवेश के माध्यम से समाज में लैंगिक समानता और समग्र विकास एवं सस्टेनेबल भविष्य अर्जित करने के महत्व को दर्षाता है।

### बिना सुरक्षा गार्ड वाले एटीएम रात को रहेंगे बंद, सुरक्षित जगह पर रखें सीसीटीवी रिकॉर्डर

कोरबा, । विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अपराध को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बैंकों और एटीएम की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया है। दर्री क्षेत्र में संचालित बैंकों के प्रबंधन के साथ पुलिस ने बैठक ली। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा गया कि हर हाल में ऐसे सभी पॉइंट पर बैंकों को काम करना होगा। सब डिवीजन पुलिस दर्री के अंतर्गत संचालित हो रहे सरकारी और निजी बैंकों के प्रबंधन को सूचित करने के साथ उन्हें बैठक में उपस्थित कराया गया। पुलिस के अधिकारियों ने बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से बातचीत की। इस अवसर पर स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि बैंकों में सुरक्षा इंतजाम बेहद खड़े होने चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कोई भी महिला या पुरुष नकाब पहनकर बैंक या एटीएम में प्रवेश न करने पाए, या सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। कुछ स्थानों पर हुई घटनाओं को ध्यान में रखा गया है और इसी लिहाज से कहा गया है कि खास तौर पर ऐसे एटीएम रात्रि में बंद रखे जाएं जहां पर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं हो सकती है। इनका संचालन केवल दिन में ही किया जाए ताकि किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका न रहे। पुलिस ने बैंकों का जायजा लेने के साथ वहां पर सुरक्षा को लेकर किए गए प्रयासों को देखा। वहां पर इंस्टॉल किए गए सायरन के साथ-साथ हाई फ्रीक्वेंसी वाले सीसीटीवी कैमरे की स्थिति जानी गई।

## संपादकीय

### युवाओं को मानव तस्करों से बचाना आवश्यक

आज सबसे पहले देश के नौजवानों और उनके माता-पिताओं को सावधान करना चाहता हूं। सोशल मीडिया यू-ट्यूब, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर या किसी भी प्लेटफॉर्म पर कोई नौकरी का ऑफर देता है, स्टूडेंट वीजा पर विदेश भेजकर वहां हर महीने लाखों रूपए कमाने का लालच देता है, तो बिल्कुल भरोसा मत कीजिए, वरना पैसा भी जाएगा और जान जाने की नौबत भी आ सकती है क्योंकि इसी तरह के वीडियो के चक्कर में फंस कर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे कई राज्यों के लड़के रूस पहुंच गए। उन्हें रूस में कोई नौकरी नहीं मिली बल्कि धोखे से उन्हें वहां की प्राइवेट आर्मी में भर्ती करवा दिया गया। हथियार थमा कर, बंदूक दे कर, यूक्रेन में जंग के मैदान में भेज दिया गया। रूस और यूक्रेन की जंग से भारत का कोई लेना- देना नहीं है लेकिन इस जंग में हमारे दो नौजवान मारे जा चुके हैं। दोनों जालसाजों के चक्कर में फंस कर रूस पहुंचे थे। कम से कम 35 नौजवान ऐसे हैं, जो जंग में मौत के दरवाजे पर खड़े हैं। हालांकि अब सरकार इस तरह की धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, CBI ने जांच शुरू कर दी है, 13 प्लेसमेंट एजेंसीज के ठिकानों पर रेड की गई है, जिन परिवारों के बच्चे रूस में फंसे हैं, उनसे संपर्क किया जा रहा है लेकिन सरकार के लिए इन नौजवानों को जंग के मैदान से सुरक्षित वापस लाना आसान नहीं हैं क्योंकि रूस की सरकार का इन भारतीय नौजवानों के रूस पहुंचने में या recruitment में कोई सीधा हाथ नहीं हैं। ये सब प्राइवेट एजेंसीज और एजेंट्स का खेल है।




## भारतीय संदर्भ में महिलाओं के अधिकारों एवं धरातलीय विकास की वैश्लेषिक पारदर्शिता

भारतीय संदर्भ में महिलाओं के विकास स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण की अलग-अलग तस्वीर पेश की जाती रही हैद्य शासकीय आंकड़ों के हिसाब से उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14त्र लगभग भूमिका या भागीदारी है ।निजी क्षेत्रों में जो व्यापक स्वतंत्रता एवं उदारीकरण है, वहां भी महिलाओं की उच्च पदों पर पदस्थापना 20त्र से अधिक नहीं हैद्य सामाजिक संगठन बड़े जोर शोर से महिला स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे पेश करते हैं, कुल जनसंख्या का 45त्र महिलाओं का होने के बाद भी भारत में महिला पुरुषों से कम दक्ष एवं कमजोर मानी जाती रही हैद्य वास्तविक स्थिति दर्शाये आंकड़ों के विपरीत ही हैं। भूमंडलीकरण शिक्षा में वृद्धि मानव अधिकारों की वृद्धि एवं सजगता से महिला सशक्तिकरण के आंदोलनों को काफी बल प्राप्त हुआ है। शनी सिगनापुर, हाजी अली दरगाह एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रवेश के लिए सशक्त आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। आज से 20 वर्ष पूर्ण इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थीद्य वर्तमान ओलंपिक 2021 में पूर्वोत्तर राज्य की मीराबाई चानू ने सिल्वर पदक दिलाकर अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को प्रदर्शित कर यह बता दिया है कि नारी विशेषकर भारत की पुरुषों से कहीं आगे हैं और प्रिया मलिक ने हंगरी में स्वर्ण पदक लाकर बात को प्रमाणित भी कर दिया हैद्य भारत की महिलाएं, साक्षी मलिक ओलंपिक में कांस्य पदक, पी,वी संधू रजत पदक, दीपा मलिक पैरा ओलंपिक में पहली भारतीय महिला द्वारा स्वर्ण प्राप्त,साइना नेहवाल सानिया मिर्जा ने काफी हद तक महिलाओं के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्रों में चंदा कोचर,इंदिरा नूई, अरुंधति भट्टाचार्य ने आर्थिक जगत की नई ऊंचाइयों को छुआ है। अंतरिक्ष में कल्पना चावला सुनीता विलियम्स ने महिलाओं को बड़ी प्रेरणा दी है, राजनैतिक क्षेत्र में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 महिला मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह किरण बेदी ने पुलिस प्रशासन में एक बड़ी पताका हासिल कर महिला होने पर गर्व करने के लिए लोगों को मजबूर किया हैद्य

भारत के संदर्भ में यह माना जाए कि जीवन काल में ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कम स्वतंत्रता प्राप्त है। बचपन के पश्चात जब महिला विद्यालय, विवाह की ओर अग्रसर होती है, तो उसके पहनावे की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया जाता हैद्य महिलाओं के वस्त्रों के साथ उसके चरित्र की व्याख्या कर दी जाती है। जबकि इस भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण के युग में जहां संस्कृति के आदान-प्रदान का बड़ा महत्व है, और महिलाएं आधुनिकरण के लिए आगे बढ़ती हैं, तो उनका परिवार समाज उन्हें इन सब कार्यों से दूर रख बाधित कर विकास की एक धारा को नियंत्रित कर देता है ।और इस तरह उनके मानसिक स्वतंत्रता को रोक कर उन्हें मानसिक दासता का पात्र बना देता है।घरों में समाज में सदैव लड़कों को घर का उत्तराधिकारी मानकर उन्हें प्रत्येक कार्य में वरीयता प्रदान की जाती है,एवं घर की लड़कियों को कमतर आंक कर केवल घर के कामों में ही व्यस्त रखा जाता है।, यह छोटे या बड़े अंतर ही महिलाओं को मानसिक रूप से गुलामी के लिए मजबूर कर वैचारिक हथकड़ियां पहनाते हैं।

हमें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी उनकी भूमिका योगदान एवं स्थिति को एकदम स्पष्ट करना आवश्यक है। बहुत महिलाओं की भूमिका का परीक्षण अत्यंत छोटे स्तर पर करना आवश्यक है। महिलाओं को बचपन से ही मानसिक तथा शारीरिक स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार की प्रेरणा दी जानी चाहिए। धीरे बोलना, धीरे हंसना, बाहरी लोगों से दूर रहना एवं बाहर खेलने नहीं जाने की स्वतंत्रता नहीं देना एक तरह से महिलाओं के लिए प्रताड़ना ही है। यह यदि सुरक्षा के दृष्टिकोण से है, तो निश्चित तौर पर महिलाओं के लिए उपयोगी है। **यह निजी विचार है।**

## लोकसभा चुनाव 2024 में नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

**– डॉ. आशीष वशिष्ठ**



**अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।**

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलायंस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया।

वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलायंस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ''आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।'' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।

ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है।

इंडी अलायंस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याशियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेश दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफरखना चाहता है।

देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देश और देशवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांश नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है।

विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।

पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी। देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलायंस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।

**यह निजी विचार है**

# कौन विश्व गुरू, कौन सी सभ्यता प्रकाश स्तंभ?

**हरिशंकर व्यास**

सवाल अच्छा है? दुनिया की कौन सी नस्ल व सभ्यता विश्व गुरू है? जवाब से पहले जानना होगा कि गुरू और सभ्यता के क्या मायने हैं? गुरू होना क्या होता है? सभ्यता से क्या अभिप्राय है? मेरी राय में यह परिभाषा सटीक है कि जो अज्ञान के अंधकार को दूर करता है वह गुरू। उपनिषदों में संस्कृत मूल के शब्द गुरू के गु' (अज्ञान) रू' (दूर करने वाला) की व्याख्या कमोबेश एक सी है। अज्ञान को अंधकार बताया गया है। (गु शब्दस्त्वन्धकारः स्यात् रु शब्दस्तननिरोधकः।अन्धकारनिरोधित्वात् गुरु ऋत्यभिधीयते-अद्वैतारक उपनिषद) वही सभ्यता के मायने है, वह मानव समाज जिसकी वह विशिष्ट विकसित सामाजिक-सांस्कृतिक रचना है जिसमें लोग अच्छे से मजे में रहते है। लोग जिंदादिली, बुद्धि-सत्य-तर्कसंगतता, समानता, न्याय, लोकतंत्र व अनुसंधान-प्रयोगों की जोखिम की विरासत और गुणों से भरी-पूरीजिंदगी जीते है।इन अर्थो में पृथ्वी के आठ अरब लोगों, 195 देशों का वह विश्व गुरू कौन है, जिसमें अज्ञान, अंधकार मिटाने की गुरूता, प्रकाश है? या वह सभ्यता कौन सी जो मानों विश्व का प्रकाश स्तंभ? क्या पश्चिम की सभ्यता, ईसाई समाज? या अरब-इस्लामी सभ्यता-संस्कृति गुरू, और अनुकरणीय? या चीन और चाइनीज सभ्यता विश्व को अज्ञान, अंधकार से उजियारे की और ले जाने की टार्चलाइट? और हम हिंदू?सदियों से विश्व गुरू के सपनों में जी रहे हैं और अब तो बाकायदा विश्व गुरूहोने का डंका भी पीटते हुए।और महात्मा गांधी जगत संत वही नरेंद्र मोदी जगत पिता! ऐसा ही रूस, उसके पुतिन, स्लाविक सभ्यता का घमंड है कि उसका महाशक्ति रूप बाकी सभ्यताओं के लिए प्रकाश पुंज। कइयों का खासकर दुनिया के वामपंथियों का ख्याल है अमेरिका पतन के कगार पर है तो रूस या चीनी सभ्यता से ही दुनिया का अज्ञान-अंधकार मिटेगा।उस नाते दुनिया की व्यवस्था में गुरू पर विचार और फैसला वैसा ही है जैसे इन दिनों हम भारत के लोगों के लिए कलियुगी गुरूओं में चुनने का झंझट है। गुरूओं में प्रतिस्पर्धा है। सक्सेस रेट कसौटी है। मार्केटिंग से फैसला है। और जिसकी लाठी उसकी भैंस या ऊंची मगर झूठ की दुकान के झांसे में गुरू, महागुरू, विश्व गुरू चुने जाते हुए हैं।बहरहाल विश्व के मायनों में राजनीतिक, वैचारिक, धार्मिक और आर्थिक-सैनिक ताकत के अहंकारों में जी रही मानवता के तकाजे में सभ्यता और गुरू तय करना असंभव काम है। सभी सभ्यताएं गुरूर पाले हुए हैं। मगर मोटा-मोटी दुनिया में धारणा है कि पश्चिमी सभ्यता का निर्माण अतुलनीय है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस याकि यूनानी सभ्यता से शुरू पश्चिमी समाजों का विकास, सभ्यता व संस्कृति का निर्माण शेष दुनिया के लिए अनुकरणीय है।और इस बात में कुछ सत्य है। लेकिन हाल में ऑक्सफोर्ड में पढ़ाने वाली इतिहासकार जोसेफिन क्राउली क्विन की एक नई थीसिस मालूम हुई। हाल में रिलीज हुई उनकी पुस्तक हाऊ द वर्ल्ड मेड द वेस्ट' का यह दिलचस्प सार है कि यूरोपीय उपलब्धियों के हवाले पश्चिमी सभ्यता का गर्व सही नहीं है! इसलिए क्योंकि दुनिया ने पश्चिम को बनाया है न कि पश्चिमी सभ्यता का अपने से विकास है!जोसेफिन क्विन का कहना है कि सभ्यताओं को अलग-अलग खांचों में याकि उन्हे अलग-अलग कंपार्टमेंट में बांटने की इतिहास दृष्टि गुमराह करने वाली है। मतलब पहचान विशेष से चिन्हित स्वकेंद्रित सभ्यताओं को अलग-अलग समूह में बांट कम्पार्टमेंटलाइज एप्रोच का इतिहास और सोच सही नहीं है। इसलिए क्योंकि-लोग इतिहास नहीं बनाते हैं।वह उन लोगों, जिनके द्वारा दूसरों (बाहरी-अन्य संस्कृतियों के लोगों) से संबंध याकि कनेक्शन बनतदे है, उससे इतिहास बनता है।और मेरा माननता है यह सत्य सभी सभ्यताओं, पूरी दुनिया के संदर्भ में सही है।लेखिका के अनुसार यह सत्य ब्रिटेन, पूरे यूरोपीय इतिहास पर लागू है। फालतू बात है कि संस्कृतियों में दूरी हुआ करती थी तो परस्पर संपर्क नहीं था। सच्चाई है संस्कृतियों के बीच, लंबी दूरियों के बावजूद संपर्क, आश्चर्यजनक रूप से थे और वे संपर्क, वे एक्सचेंज ही हर युग में मानव उन्नति के इंजन थे। संस्कृतियां अंतर्मुखी नहीं थीं। सभी समाज बाहरी विचारों, तकनीक, फैशन को अपनाते हुए थे।जैसे पश्चिमी सभ्यता का आदि सोर्स यूनान से शुरू है। लेकिन लेखिका के अनुसार यूनान का अपना मौलिक बहुत कम था। वह सेमुरी, मिस्त्र, असीरियन और फोनीशियन संस्कृतियों के आगे कुछ भी नहीं था। ये सब तब एक-दूसरे के आइडिया को एक्सचेंज करते हुए थे। लोकतंत्र का मौलिक जन्म यूनान, एथेंस में नहीं था। वह वहां बाद में आया। लोकतंत्र के शुरुआती आइडिया और प्रयोग मौजूदा लीबिया में, समोस और चियोस के द्वीपों पर आजमाया गया लगता है। यूनानियों की तुलना में फारसी बहुत आगे थे और उन्होंने ही पहले ग्रीक शहरों पर कब्जा करके वहां लोकतंत्र की व्यवस्था बनाई।यह व्याख्या गहरी है। मेरा मानना है मानव इतिहास का सार है कि अंधकार से प्रकाश, ज्ञान, विकास, निर्माण आदि सब कुछ मनुष्य दिमाग की वैयक्तिक खोज है। इनमें किसी समाज, देश, नस्ल और सभ्यता या संस्कृति का कोई अर्थ नहीं है। वैज्ञानिक विकासवाद की वैश्विक धारणा, कसौटी में सोचें तो अफ्रीका की गुफाओं से निकले होमो सेपियन ने बिना सभ्यता, संस्कृति के ही पूरी पृथ्वी को खंगाला। शिकारी-पशुपालक मनुष्य हर जगह पहुंच गए। अग्नि खोजी, पहिया खोजा और ऊर्जा व गति का शाश्वत सत्य बूझा।मानव जाति के ये पूर्वज ऐसा कैसे करते हुए थे? मेरा मानना है वैयक्तिक स्वतंत्रता की निज उड़ान से। मैं पहले लिख चुका हूं ईसा पूर्व सभ्यता-संस्कृति निमार्ण में मानव विकास का जंप मिस्त्र-इराक से ले कर सिंधु नदी घाटी के फर्टाइल क्रिसेंट में व्यक्तियों की निज बौद्धिक छलांगों से था। वह बुनियादी तौर पर लोगों की घुमक्कड़ी, स्वतंत्र मिजाजी स्वभाव से छलांग थी। मेसोपोटामिया से ईरान के रास्ते सिंधु नदी घाटी के लोगों में संबंध, एक्सचेंज थे। लोगों का आना-जाना था। एक-दूसरे के आइडिया में नदी घाटियों का क्षेत्र समाज और सभ्यता का खाका बनाता हुआ था।किसी राजा, बादशाह, राष्ट्र देश याकि सामूहिक, सामुदायिक ईकाई याकि भीड़ और भेड़चाल से वेद, उपनिषद् या सुमेरियन सभ्यता के महाकाव्य नहीं रचे गए। तब भी सब कुछ मनुष्य के उन क्लासिकल गुणों से जन्मा था जिनका आधुनिक जीवन में सर्वोच्च मान है। मतलब जिंदादिली, बुद्धि-सत्य-तर्कसंगतता, समानता, न्याय, लोकतंत्र व अनुसंधान-प्रयोगों की जोखिम-उद्यम का वैयक्तिक पुरुषार्थ।सो, आदि काल में व्यक्ति की स्वतंत्रतचेता में दिमाग ज्ञानरूपी वेद रचने वाला था। वही आज भी स्वतंत्रचेता व्यक्ति अपने ठिकानों पर स्वतंत्रता से खुले पंखों से उड़ते हुए नए सत्य, नई मौलिक रचना करते हुए है।लब्बोलुआब में दुनिया की आठ अरब लोगों की भीड़ का गुरू, सभ्यतारूपी ज्ञान का प्रकाश स्तंभ यदि कोई है तो वो सिर्फ मानवजन हैं। वे मनुष्य, होमो सेपियन की वह प्रजाति है जो स्वतंत्रता में जीती है, जिनकी चेतना, बुद्धि हर तरह की चिंता, भय से मुक्त है। इनसे ही अंधकार मिटता हुआ है।ये ही गुरू हैं, ज्ञानी हैं, वैज्ञानिक हैं और उन्हीं से संबंधों, याकि इनकी खोज के एक्सचेंज में शेष दुनिया और कथित सभ्यताओं के निर्माण और घमंड हैं। विश्व गुरू के कथित हल्ले हैं। सोचें, पिछले दो सौ वर्षों में चाइनीज सभ्यता, इस्लामी सभ्यता, हिंदू सभ्यता, स्लैविक सभ्यता, जापानी सभ्यता में मौलिक क्या और कितना है?इसलिए मानव गरिमा और उपलब्धि के मामले में सभ्यता के बाड़ों में भटकना फिजूल है। मगर हां, अमेरिका और यूरोप के देशों में व्यवस्था और परिवेश क्योंकि स्वतंत्रता का पोषक है, सौ फूल खिलने देने, विचारों की क्रांति का है तो गुरूता इन्हीं की सरजमीं में स्थायी है। वे ही फिलहाल पूरी दुनिया के प्रकाश स्तंभ हैं।और इस सत्य की कसौटी का बेसिक, छोटा तथ्य है जो दुनिया में चारों और से लोग अमेरिका, यूरोप भागे जा रहे हैं। ध्यान रहे पश्चिम की दादागिरी का सोर्स उसका महाशक्ति होना नहीं है, बल्कि उसकी जमीन का मनुष्य गरिमा, गुरूता और स्वतंत्रता का सराय होना है! बुद्धि, विचार, ज्ञान-विज्ञान की मनुष्य चेतना का उसका छज्जा बना हुआ होना है। क्या नहीं?



**यह निजी विचार है।**

# महतारी वंदन योजना साय सरकार ने किया महिलाओं का वंदन

जशपुरनगर (वीएनएस)। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 लाख 12 हजार 800 पात्र आवेदकों को योजना के पहले चरण में 655 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की है। इस योजना के तहत हितग्राही महिलाओं को 1-1 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। जिले में जशपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित मंत्रणा हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की 2 लाख 32 हजार 426 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग, महिलाएं अपने बच्चे के कॉपी-किताब खरीदने और छोटे-छोटे घरेलू खर्च समेत अन्य खर्चों में उपयोग करेंगी। जशपुर के मधुबन टोली निवासी




श्रीमती सरिता यादव ने कहा कि योजना से मिलने वाली राशि को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लगाउंगी। बेटे को उच्च शिक्षा में मदद मिले इसके लिए मैं उन्हें इस राशि से सहयोग करूंगी।

इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हम जैसी महिलाओं को बेहतर आर्थिक सहायता देने सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रति माह 1000 राशि आने से राहत मिलने के साथ ही बच्चों के बेहतर भविष्य गढ़ने में मदद मिल पाएगी। जशपुर निवासी श्रीमती अनीता सोनकर ने कहा कि मैं फल दुकान लगाती हूं, सरकार ने जो योजना निकाली है उसमें मैंने भी आवेदन किया था और आज उस योजना के तहत एक हजार राशि खाते में आ गया है। मैं इस राशि को अपनी बेटी के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करूंगी। जिससे आने वाले समय में उनके काम आ सके। इसी तहत श्रीमती प्राची प्रांडे ने भी अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए 1 हजार प्रतिमाह मिलने वाली राशि को निवेश करने की योजना बनाई है। इन महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का इस योजना तहत लाभन्वित करने हेतु आभार जताया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए महतारी वंदन योजना एक कारगर कदम है। जशपुर सहित प्रदेश भर की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई है। गांव से लेकर शहर तक महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। महिलाओं को इस योजना से प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि दी जाएगी। साल में कुल 12 हजार की राशि भी मिलेगी। योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग,महिलाएं अपने बच्चे के कॉपी-किताब खरीदने और छोटे-छोटे घरेलू खर्च समेत अन्य खर्चों में उपयोग करेंगी। योजना से महिलाओं को आर्थिक बल मिलेगा और उनके हाथों में एक राशि रहेगी, जिसका उपयोग वे कर सकेंगी।



## खास खबर...



### शकुंतला फाउंडेशन ने समाज सेवियों को सम्मानित किया

**रायपुर (ए)।** आदिशक्ति सम्मान समारोह में शकुंतला फाउंडेशन ने वृंदावन हॉल में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहे समाज सेवियों का सम्मान किया। आदिशक्ति सम्मान बुजुर्गों के लिए शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा बनाए जा रहे पाहंदा कुम्हारी में वृद्धाश्रम निर्माण सहायतार्थ आयोजित था।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम, अध्यक्षता सहाय अस्पताल डायरेक्टर व छालीवुड अभिनेता अजय सहाय, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शकुंतला देवी, अपर आयुक्त आदिवासी विकास आनंद सिंह, भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, एल्डरमैन रतना नारमदेव महिला, संस्था अध्यक्ष स्मिता सिंह टीआई सुजाता दास दुर्ग थे।

कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागी सम्मानित हुए। आयोजन को सफल बनाने में गोविन्द अग्रवाल, महेश दुबे, अमर पाल, पदमा घोष, संस्था सचिव संजना सिंह सुषमा बग्गा, हासी बैनर्जी अनुश्री पाठक, सुभदा पाठक, अपर्णा चांडक, डाक्टर अभिषेक मिश्रा, माया तिवारी, डाक्टर आरती साठे, गायत्री, मनीष अग्रवाल वैभव गुप्ता संस्था सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 51 मितानिन दीदियों का सम्मान

**रायपुर (ए)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर और उपासना सेवा फाउंडेशन ने संयुक्त




रूप से संत रविदास महिला सेवा समिति तथा 51 मितानिन दीदियों का सम्मान किया। त्रिलोकी मां कालीबाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सुचित्रा विवेक बर्धन ने महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा तथा महिलाओं से संबंधित कानून की विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपासना सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष रतिकांत साहू ने नि:शुल्क शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित बुद्ध बिहार महिला समिति की अध्यक्ष अरुणा मेश्राम ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर की मोनिका बागरेचा ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह जानकारी त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर के सचिव विवेक बर्धन ने दी।

### राजिम कुंभ कल्प 2024 भव्यता के साथ हुआ संपन्न

# राजिम कुंभ ने बनायी देश में अपनी विशेष पहचानः राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

**राजिम कुंभ के समापन समारोह में राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल, कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की**

- संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में दिखा अयोध्या धाम का आकर्षक वैभव
- रामोत्सव के रूप में मनाया गया राजिम कुंभ कल्प
- राजिम के पवित्र कुंभ में देशभर के साधू-संतों एवं महामंडलेश्वरों ने लिया हिस्सा

संवाददाता।



**रायपुर।** राजिम के त्रिवेणी संगम में 24 फरवरी से प्रारंभ राजिम कुंभ कल्प-2024 08 मार्च को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की। राजिम कुंभ के दौरान संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में अयोध्या धाम का आकर्षक वैभव दिखा। इस वर्ष का राजिम कुंभ कल्प रामोत्सव के रूप में मनाया गया। कुंभ में देशभर से साधु-संत एवं महामंडलेश्वर भी शामिल हुए। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंच में राज्यपाल हरिचंदन एवं मौजूद अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

समापन समारोह में राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पवित्र नगरी राजिम के कुंभ मेले में शामिल होकर मुझे आत्मिक प्रसन्नता हो रही है। राजिम मेले में पधारे समस्त संतों, विद्वानों और धर्मगुरूओं को मैं प्रणाम करता हूं। यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश के प्रतिष्ठित आचार्यों, साधु, संतों, महामंडलेश्वर, महात्माओं का आगमन राजिम में हुआ है। संतो के दिखाए मार्ग पर चलने से ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के हृदय स्थल में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर स्थित राजिम नगरी, छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रतिष्ठित प्रमुख तीर्थ स्थल है। इस वर्ष 24 फरवरी माघ पूर्णिमा से राजिम कुंभ कल्प मेले का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व विभाग द्वारा किया गया। इस मेले का आज समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में कलाकारों का संगम, श्रद्धालुओं की असीम आस्था और संतों के आशीर्वाद से राजिम कुंभ मेले ने देश में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस मेले में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है जहां शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत होकर नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंच में राज्यपाल हरिचंदन को 'राजिम कुंभ कल्प लोक आस्था का विराट संगम' पुस्तिका भेंट की गई।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 5 साल बाद पुन: भारतवर्ष के वासी इस भव्य आयोजन के साक्षी बने है। सभी प्रतीक्षा में थे की राजिम कुंभ का पुन: आयोजन होना चाहिए। उन्होंने इस भव्य कुंभ के आयोजन के लिए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज माता शक्ति स्वरूपा का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और भगवान शिव का दिवस महाशिवरात्रि है। यह ब्रम्हांड के सृजन का दिन है। उन्होंने सभी को राजिम कुंभ कल्प की बधाई देते हुए कहा कि राजिम कुंभ में पहुंच के कृतार्थ हुए।

समापन समारोह में संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 5 साल बाद पुन: राजिम कुंभ का भव्य आयोजन हुआ। यह सब साधु संतो के आशीर्वाद से ही संपन्न हुआ। उन्होंने सभी साधु संतो को प्रणाम करते हुए उनका अभिवादन किया। राजिम कुंभ कल्प में देशभर के साधु-संत, महात्मा एवं महामंडलेश्वरों ने शामिल होकर सद्गुणों की अमृतवर्षा की। इससे सभी श्रद्धालुगण कृतार्थ हुए। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में नदियों, पानी को बचाने जुटी साध्वी प्रज्ञा भारती का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि है, प्रभु श्रीराम का वन गमन मार्ग है यह पूरे देश और विश्व को पता लगे इसी उद्देश्य से राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ में इस वर्ष 20 लाख से अधिक श्रद्धालुगण शामिल हुए। उनके सहयोग से यह कुंभ संपन्न हुआ। कुंभ में देशभर के साधु संत एवं शंकराचार्य भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के बाद मध्य भारत में कोई प्रयागराज है तो वह राजिम है। यहां हजारों साल प्राचीन मंदिर है। ऋषि मुनियों का आश्रम है। राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक महत्वों के लिए पूरे देश में विशेष स्थान रखता है।

समापन समारोह में सांसद चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर, प्रबंध संचालक पर्यटन जितेन्द्र शुक्ला, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसएसपी अमित तुकाराम कांबले सहित देशभर से आए साधु संत, महा मंडलेश्वर सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर संगम में डुबकी लगाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता।

**रायपुर।** हल्की गुलाबी ठंड के बीच महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार तड़के सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राजिम के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगायी और भोलेनाथ की पूजा की। धर्म के प्रति आस्था का भाव गुरूवार की रात से ही देखने को मिल रहा था। भोलेनाथ महादेव जी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले भक्त तड़के 2 बजे से ही राजिम संगम की धार में डुबकी लगाने पहुंच गए थे। महाशिवरात्रि पर इस पुण्य स्नान को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए तड़के सुबह से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगणों ने पुण्य स्नान कर दीपदान किया। पश्चात दर्शनार्थियों की लम्बी लाईन श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और श्री राजीव लोचन मंदिर,



बाबा गरीब नाथ की ओर लग गई। श्रद्धालुगण भगवान के दर्शन करने लाईन में डटे-रहकर अपनी बारी की इंतजार करते रहे। यह सिलसिला तड़के तीन बजे से जारी रहा। वैसे महाशिवरात्रि पर्व में स्नान के बाद दीपदान करने की परंपरा कई सौ वर्षों पहले से ही चली आ रही है। इस परंपरा और श्रद्धा का पालन आज भी श्रद्धालुओं को करते देखा गया। नदी की धारा में दोने में रखा दीपक की लौ किसी जुगनू की भांति चमकती नजर आई। कई महिलाओं ने रेत का शिवलिंग बना कर बहुत ही श्रद्धा के साथ बेल पत्ता, धतुरा के फूल चढ़ाकर आरती भी की। मान्यता के अनुसार यहां कई भक्तों ने नदी अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। श्रीकुलेश्वर मंदिर क्षेत्र में जगह-जगह पंडितों का हुजूम भी लगा हुआ था, जहां भगवान श्री सत्यनारायण और शिवजी की कथा भी श्रद्धालुजन करा रहे थे।

### महाशिवरात्रि पर संगम स्नान का है खास महत्व

वैसे तो पर्व व त्यौहार में स्नान का अपना अलग महत्व होता है, लेकिन महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का खास कारण है। बताया जाता है महाशिवरात्रि में किसी भी प्रहर अगर भोले बाबा की प्रार्थना की जाए, तो मॉ पार्वती और भोलेनाथ सीधे भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। भगवान शंकर के शरीर पर शमशान की भस्म गले में सर्पों का हार, कंठ में विष, जटाओं में पावन गंगा तथा माथे में प्रलयंकारी ज्वाला उनकी पहचान है। माना जाता है कि महानदी, सोंढूर, पैरी के संगम में स्नान करने से तन पवित्र तो होते है बल्कि मन की मलिनता दूर हो जाती है। इस दिन संगम की सूखी रेत पर सूखा लहरा लेने की भी परंपरा है। विश्वास है कि भोलेनाथ वेश धारण कर मेले का भ्रमण करते हैं।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉल में लोगों को मिल रहीं न्यायिक जानकारी

संवाददाता।

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प में विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टॉल लगाया गया है, जिसमें आने वाले लोगों को न्यायिक जानकारियां दी गई कि लोक अदालत के माध्यम से किस प्रकार शीघ्र एवं सस्ता न्याय मिल सकता है। लोक अदालत में समझौते योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। तहसील एवं जिला न्यायालयों में प्रत्येक माह निर्धारित तिथि में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के सभी न्यायालयों में सभी न्यायालयों में लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में आपसी विवादों को एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण होता है। साथ ही लोक अदालत में प्री-




लिटिगेशन प्रकरणों को भी सुनवाई की जाती है।

राजिम कुंभ में लगाए गए स्टॉल में आने वाले लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया गया कि आम आदमी किस प्रकार से लोक अदालत के माध्यम से शीघ्र और सस्ता न्याय पा सकता है। लोक अदालत में प्रकरण रखवाने हेतु संबंधित न्यायालय में, जहां प्रकरण लंबित है अथवा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। प्री-लिटिगेशन के प्रकरण भी बिना न्याय शुल्क के तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

विविध सेवा प्राधिकरण के स्टॉल में पॉम्पलेट बांटकर लोगों को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई है। इसके अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण के वालंटियर भी घूम-घूमकर लोक अदालत के बारे में उनके अधिकार तथा शासन द्वारा प्राप्त न्यायिक सुविधाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# राम नाम का गोदना बनवाकर जगा रहे भक्ति की अलख

- राजिम कुंभ में पहुंचा रामनामी अनुयायी दल
- रामनामी संप्रदाय को मानने वाले लोगों के रोम-रोम में बसते हैं प्रभु श्रीराम

संवाददाता।



**रायपुर।** पूरे शरीर में राम नाम का गोदना, सिर पर मोरपंख का मुकुट धारण किए और राम नाम लिखा वस्त्र पहनकर रामभक्ति की अलख जगाते रामनामी लोगों में रामभक्ति की अनोखी परंपरा है। ऐसे ही अनुयायियों का दल राजिम कुंभ मेला में पहुंचा है।

सारंगढ़, बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा और बलौदाबाजार जिले से लगभग 18 रामनामी आए हुए हैं, जिसमें तीन महिलाएं और पुरूष शामिल हैं। इनके सिर पर मोर पंख लगा हुआ मुकुट है, जिसके नीचे में राम-राम लिखा हुआ है। कौशल भारतीय ने बताया कि इस पंथ को मानने वाले अपने पूरे शरीर में राम-राम का गोदना बनवाते हैं, लेकिन अब केवल माथे पर ही राम-राम लिखा होता है, जिसे शिरोमणी कहते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1975 में इस संस्था का पंजीयन हुआ था। उस समय रामनामी पंथ को मानने वालों की संख्या 27 हजार से अधिक थी, अब यह धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

ऐसा माना जाता है कि रामनामी संप्रदाय को मानने वाले लोगों के रोम-रोम में राम बसते हैं। इसीलिए अनुयायियों के पूरे शरीर में रामनाम का गोदना बना होता हैं। उनका कहना है कि प्रत्येक मानव में राम का वास होता है। इसलिए हम उन्हें राम-राम कहकर संबोधित करते हैं और भगवान श्रीराम को याद करते हैं। इस पंथ को मानने वालों में 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को ही स्वीकार किया जाता है। इनका पूरा जीवन राम के लिए समर्पित होता है। राम नाम को ही अपने जीवन का एकमात्र आधार मानते हैं और उनके प्रति अपने श्रद्धा-भक्ति से अपने पूरे शरीर में राम नाम का गोदना गुदवाकर प्रकट करते हैं। हर समय ये राम नाम का जाप करते हैं। इनके पांच प्रमुख प्रतीक होते हैं शरीर पर राम नाम, घुंघरू बजाना, मोर पंख से बना मुकुट पहनना, सफेद कपड़ा धारण कर और भजन कीर्तन से वे सृष्टि के कण-कण में राम को देखते हैं।

# आलोक सिंह बने सीएम साय के प्रेस अधिकारी

### पत्रकारिता से मुख्यमंत्री प्रेस अधिकारी तक का सफर :-आलोक सिंह

रायगढ़ :- लोकशक्ति।

**कॉमर्स कॉलेज और डिग्री कॉलेज से पढ़ाई ग्रेजुएट करने वाले माटी पुत्र आलोक सिंह का मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय का प्रेस अधिकारी बनना मीडिया जगत सहित रायगढ़ वासियों को गर्व का एहसास कराने वाली स्वर्णिम अनुभूति है।**



मूलतः पत्रकार रहे बेलादुला निवासी आलोक सिंह रायगढ़ से प्रकाशित दैनिक लेटेस्ट,रायगढ़ संदेश, जनकर्म स्थानीय अखबार में एक दशक तक लेखन का कार्य करते रहे।इसके बाद नवभारत टाइम्स दिल्ली में पत्रकारिता का कार्य किया।आलोक सिंह की पत्रकारिता में सदा नैतिक मूल्यों का चिंतन रहा एवम कलम सदैव राष्ट्रीयता की पक्षधर रही । तीन दशक पहले 1996 के दौरान स्वर्गीय रोशन लाल ने उन्हें विधिवत भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई।1999 के दौरान वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने जब रायगढ़ से पहला संसदीय चुनाव लड़ा तब आलोक सिंह पहली बार भाजपा के मीडिया प्रभारी बने। उनके करिश्माई व्यक्तित्व की वजह से पार्टी लगातार 10 साल तक उन्हे मीडिया प्रभारी बनाए रखी। इस दौरान 10 सालो तक वे सांसद प्रतिनिधि भी बने रहे।उनके दीर्घकालिक अनुभव के मद्देनजर वे भारतीय जनता पार्टी में बतौर जिला प्रवक्ता 15 सालों तक अपनी सेवाए देते रहे। भाजपा सत्ता में रही हो या विपक्ष में कांग्रेस उनके अकाट्य तर्कों के सामने बेबस नजर आई।

वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष पद पर आलोक सिंह नगर निगम में एल्डर मेन भी है। युवा मोर्चा प्रदेश का कार्यसमिति सदस्य के पद का दायित्व निभाने वाले आलोक सिंह छत्तीसगढ़ भाजपा के सोशल मीडिया की प्रदेश समिति में भी है। प्रदेश भाजपा में कंटेंट राइटर सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ बीजेपी/ ट्विटर के साथ साथ उनके बनाए कार्टूनों कांग्रेस की विसंगतियों पर करारा प्रहार माने जाते रहे। स्थानीय स्तर पर कार्टून बनाने वाले आलोक सिंह की इस अद्वितीय कार्टूनिस्ट प्रतिभा के कायल प्रदेश में पक्ष विपक्ष के नेता भी रहे है।

# राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है-सांसद पांडे

### आयातित उम्मीदवार पर सांसद का तंज

### भाजपा का काम बनाना और सवारना जबकि कांग्रेंस का काम उजाडना और छिनना

### साय सरकार आते ही कबीरधाम में मेडिकल कॉलेज

**लोकशक्ति।** कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री के राजनांदगांव आगमन पर सांसद पांडे ने तंज कसते हुए कहा कि,माननीय भूपेश बघेल जी अब यह देखने आए हैं कि राजनांदगांव में जिले की जनता की क्या सुविधा बची है जिसे यहॉ से हटाया जाए। केन्द्र की मोदी सरकार और अब प्रदेश की साय सरकार के द्वारा प्रदेश की माता-बहनों के खातों में महतारी वंदन की राशि जाने से और दो दिन बाद बोनस की राशि जो किसानों के खातो में जाने वाली है,से तिलमिलाए हुए हैं। कितना दुःखद और दुर्भाग्य का विषय है कि गत 5 साल में उन्होने एक भी जनप्रतिनिधि को उभरने नहीं दिया,वरन उन्ही के आंख के आगे एडीबी कार्यालय,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अधीक्षण अभियंता कार्यालय,सेतु निगम कार्यालय,पाठ्य पुस्तक निगम कार्यालय दुर्ग ले गए। उनका बस चले तो डोंगरगढ़ आगमन पर प्रसाद योजना के तहत विकसित हो रहे पर्यटन की सुविधा भी पाटन ले जाएं। शिक्षा गुणवत्ता और आत्मानंद स्कूल पर इतनी सफाई से झूठ बोल गए कि यह नहीं बताया कि



ऐतिहासिक महंत सर्वेश्वर दास,महंत बलराम दास के नाम को मिटा कर आत्मानंद कर दिया। क्यों,उन्ही राजाओं के नाम पर स्कूलों में सुविधा नही बढ़ाई?

भाई भतीजा वाद के माध्यम से आत्मानंद स्कूल में पहले तो शिक्षकों की भर्ती की गई उसके बाद उन्हे कभी भी समय पर वेतन नहीं दिया गया। गोधन के नाम पर छत्तीसगढ़ की जनता तो क्या उन्होंने गौा माताओं को ठगने में कमी नहीं की तभी तो उन्होने ऐसे-ऐसे पथरीले स्थानों पर गौठान बनाया जहॉ मनुष्य और गौ माता तो दुर सांप और बिच्छू जैसे जन्तुओं के शरीर भी लहु-लुहान हो जाये। जितने का गोबर उत्पादन और खरीदी नहीं हुई,उससे ज्यादा अपनो को भुगतान कर दिया। राजीव मितान क्लब के माध्यम से क्या-क्या काम हुए सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश की जनता ने देखा है। राजीव मितान को आबंटित करोडो राशि की ना ऑडिट,ना हिसाब बस खाओ पियो मौज करों। न खाता न बही जो कका कह दे वहीं सही। राजनांदगांव और कबीरधाम की जनता के आशीर्वाद की ताकत है जिसके प्रताप से डोंगरगढ़ में 45 करोड़ की लागत से पर्यटन सुविधाओं में विकास, 25 करोड़ की लागत से राजनांदगांव में दिव्यांग कौशल केन्द्र, खेलो इंडिया की बास्केट बॉल प्रशिक्षण केन्द्र ,कबीरधाम में 25 करोड़ की लागत से केन्द्रीय विद्यालय भवन,संसदीय क्षेत्र में रेलवे के 12 ओवर ब्रिज,2 अंडर ब्रिज सहित स्टेशनों का आधुनिक स्टेशन के रूप में उन्नयन और अभी कल ही कबीरधाम जिले में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्राप्त हो सकी है।

संसदीय क्षेत्र की जनता अब देख चुकी है, कि भाजपा बनाने और संवारने का काम करती है,जबकि कांग्रेस उजाडने,छीनने के काम में विश्वास करती है। 4 महीने पहले ÷भांचा÷ के नाम पर भावनात्मक ठग बने उम्मीदवार की भांति अब ÷कका÷ का रिश्ता जोड़कर आए ठग को क्षेत्र की जनता पहचान चुकी है। जिसका जवाब आगामी 2 माह में क्षेत्र की जनता उन्हें देने वाली है। मोदी की गारंटी प्रदेश और देश ने देख लिया है। जिस पर फिर विश्वास की मुहर लगने वाली है जिसे देखकर कांग्रेसी घबराए हुए है।

# कलेक्टर ने बनियागांव में आयुष केंद्र एवं पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव** गुरुवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा बनियागांव, दहिकोंगा, बंजोड़ा का दौरा किया गया। इस दौरान वे सर्वप्रथम बनियागांव स्थित आयुष केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र में अव्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए ओपीडी में मरीजों की पंजी की जांच की। जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने उसे 22 मार्च तक समस्त कार्यों को पूर्ण कराकर संचालन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ठेकेदार से कार्य तेजी लाने हेतु निर्देशित करते हुए समय पर कार्य ना होने पर ठेकेदार पर शास्ति लगाने के निर्देश दिए। बनियागांव में पीडीएस भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बिजली कनेक्शन न होने पर आरईएस के अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए जल्दी बिजली कनेक्शन पूर्ण करने के हेतु निर्देशित किया। बनियागांव आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए। बनियागांव में स्थित हेंड पम्प के निकट सोख्ता गड्ढा बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बनियागांव सहकारी बैंक में आयी महिलाओं से चर्चा में महिलाओं ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना हेतु केवाईसी अपडेट कराने आयी है।



# 82441 महिलाओं के खाते में 8 करोड़ 24 लाख 41 हजार रुपये अंतरित हुए




**संवाददाता।** प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपये देने का वादा आज संकल्प के साथ पूरा हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपये की राशि अंतरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए बटन दबाकर महिलाओं के खाते में राशि अंतरित किया। जिले की 82441 महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की गई। जिले की महिलाओं के खाते में 8 करोड़ 24 लाख 41 हजार रुपये अंतरित किया गया। महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सांसद संतोष पाण्डेय ने प्रतीक स्वरूप महिलाओं को योजना अंतर्गत राशि का चेक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि महिलाओं के सानिध्य में आने का मुझे मौका मिला। उन्होंने कहा कि देश के हर क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रपति, वित्त मंत्री से लेकर महिलाएं हर क्षेत्र में भारत देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर की मुखिया होती हैं। महिलाओं को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब कोई काम महिलाओं के हाथ में सौपा जाता है, तब हर कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने के लिए सरकार के द्वारा महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बनाया जा रहा है। इसी प्रकार महिलाओं को सम्मान देने के लिए उनके नाम पर जमीन की रजिस्ट्री में लगने वाली राशि में छूट देने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत महिलाओं के नाम पर मकान देने का काम किया जा रहा है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने आगे कहा कि महिलाओं को देश की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए नई संसद भवन के लोकार्पण के अवसर पर सांसद और विधायक में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया है। इसके साथ ही सांसद पाण्डेय ने राशन कार्ड एवं आयुषमान कार्ड हितग्राहीयों को वितरण किये। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एस जयवर्धन ने अपने उद्बोधन में कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं के खाते में राशि अंतरित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने घर परिवार के विकास के लिए अपना योगदान दें। कलेक्टर ने आगे कहा कि सभी महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता के क्षेत्र में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अपने परिवार, गांव, जिला व राज्य को विकसित बनाने में अपना अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधिगण, महतारी वंदन की सभी हितग्राही महिलाएं सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# दहिकोंगा आत्मानंद स्कूल में विद्युत कनेक्शन कराने दिये निर्देश

**एजेंसी।** दहिकोंगा में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत केंद्र का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्टाफ रूम, प्रसव कक्ष एवं वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में पदस्थ कर्मचारियों से चर्चा करते हुए जानकारी ली और केंद्र की पंजियों का भी अवलोकन किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल दहिकोंगा का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नवीनीकरण कार्यों में विलंब को देखते हुए नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों बच्चों से उनके विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने उनसे भविष्य के सपने के बारे में पूछा जहां बच्चों ने बताया कि वे भविष्य में पढ़ लिख के डॉक्टर, इंजीनियरिंग एवं पायलट बनना चाहते हैं जिसपर कलेक्टर ने सभी को शुभकामनाएं दी। स्कूल में नवीन कक्षों में उचित तरीके से ब्लैक बोर्ड निर्माण हेतु निर्देशित किया।

बंजोड़ा पहुंच कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी का अवलोकन किया साथ ही घरों में लगाये गए टैप नल कनेक्शनों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने 11 मार्च तक सभी नलों को प्रारंभ करने निर्देश दिये। टेंडमुंडा में बिजली की मांग लेकर आये ग्रामीणों से कलेक्टर ने चर्चा करते हुए जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था का आश्वासन दिया। शिवना नाला में पुलिया निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों की मांग पर अवलोकन करते हुए बरसात में स्कूली बच्चों को नाला पार करने में दिक्कत न हो इसके लिए पुलिया निर्माण कराने के निर्देश दिये।

# जिले के 1.94 लाख से ज्यादा मातृशक्तियों को 19.41 करोड़ से अधिक राशि मिली

## धरमपुरा में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंची माताओं-बहनों में दिखा अपार उत्साह

जगदलपुर संवाददाता।

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा परिसर में राज्य शासन की नवीनतम महतारी वंदन योजनान्तर्गत सहायता राशि के हस्तांतरण वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के एक लाख 94 हजार से ज्यादा मातृशक्तियों को 19 करोड़ 41 लाख से अधिक राशि उनके बैंक खातों में पहली किश्त हस्तांतरित किया गया।



इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित हजारों माताओं-बहनों तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सम्बोधन को सुना और सरकार के महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के प्रयासों को सराहा। रविवार को जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में भी महतारी वंदन योजनान्तर्गत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों तथा महिलाओं ने उपस्थित होकर वर्चुअल कार्यक्रम में सहभागी बने।

धरमपुरा में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के माताओं-बहनों के लिए जो गारण्टी दी थी उसे उन्होंने आज पूरी कर दी। अब सरकार अन्य गारंटियों को पूरा करने पर ध्यान देगी,ताकि प्रदेश की जनता विकास की मुख्यधारा में सक्रिय रूप से सहभागिता निभा सके। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिसमें संसद और विधानमंडलों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान कर महिलाओं की अहम भूमिका को सुनिश्चित किया है। अब राज्य सरकार प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनाएगी, उक्त महतारी सदन महिलाओं के लिए सामुदायिक सहभागिता सम्बन्धी क्रियाकलापों, रचनात्मक कार्यों और अन्य गतिविधियों का केन्द्र होगी जहां महिलाएं अपनी बेहतरी के लिए निर्णय लेंगी। हमारी सरकार जनता से किये हर वादे को निभाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ पहल कर रही है। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश की मातृ शक्तियों के लिए सरकार ने जो वादा किया था उसे देश के प्रधानमंत्री ने आज पूरा कर दिया है। हमारी सरकार हरेक वादे को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। माताएं-बहनें मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम और राशन दुकान संचालित कर रही हैं और अब आने वाले दिनों में रेडी-टू-ईट पोषण आहार बनाने काम महिलाओं को अतिशीघ्र देंगे। इस मौके पर जगदलपुर विधायक किरण देव ने कहा कि एक सुखद पल जब महतारी वंदन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित कर मातृशक्ति को समर्पित योजना के तहत उनके बैंक खाते में योजना के तहत हजार रुपए डाला गया।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओ को प्रतिमाह एक हजार रुपए और साल के 12 हजार की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि 21 वर्ष से अधिक आयु के विवाहित महिलाओं से आवेदन लेने के लिए जिले में 5 फरवरी से प्रारंभ किया गया। जिले में 194142 पात्र हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी किया गया। इसके अलावा राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य के तहत जिले में लगभग दो लाख का नवीनीकरण किया गया है। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण किया गया।

आरंभ में अतिथियों का उत्साह के साथ स्वागत किया गया और महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन सम्बन्धी वृत्तचित्र का अवलोकन किया गया। इस दौरान जनसम्पर्क विभाग द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया,साथ ही प्रचार साहित्य वितरित किया गया। इस मौके पर क्षेत्र जनप्रतिनिधीगण, पंचायत पदाधिकारियों सहित कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही गणमान्य नागरिक एवं हजारों की संख्या में माताएं-बहनें मौजूद थे।

## खास खबर



### तेज रफ्तार कार ने डाक्टर दंपती और बेटे को रौंदा, डिनर के बाद निकले थे टहलने

**रायपुर (ए)।** वाक पर निकले डाक्टर दंपती और बेटे को एक तेज रफ्तार अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के श्याम नगर की है। हादसे के बाद आरोपित कार को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि श्याम नगर निवासी डॉ. अनीश मेमन और उनकी पत्नी शबाना मेमन अपने 14 वर्षीय बेटे हसनेन मेमन के साथ बुधवार की रात साढ़े 11 बजे खाना खाने के बाद वाक पर निकले थे। तीनों सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान एक वर्ना कार तेज रफ्तार में पहुंची और तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। कार में तीन युवक सवार थे। बताया जा रहा है कि तीनों शराब के नशे में थे। चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके अलावा उसने दो जगह और टक्कर मारी। घटनास्थल पर अन्य लोगों के पहुंचने पर आरोपित कार छोड़कर फरार हो गए।

### पेड़ की डाली टूटकर सिर पर गिरी युवक की मौत

**बालोद (ए)।** ग्राम नाहंदा में पेड़ की शाखा टूटकर धरम सिंह धनकर (40) के सिर में गिर गई। जिससे उनकी मौत हो गई। पेड़ के गोले को माजदा गाड़ी में लोड करने के दौरान ट्रैक्टर को चलाने से यह हादसा हुआ। इस घटना में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही सामने आई है। इस वजह से गुरुवार को गुंडरदेही थाने में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 304-ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को धरम सिंह धनकर अपने दोस्त दुखहरण सोनकर, कौशल धनकर एवं धनेश यादव के साथ लकड़ी ठेकदार किशोर कुमार साहू के कहने पर बबलू उर्फ किशोर देशलहरे के कन्हार खार स्थित खेत में बबूल पेड़ को काटने गए थे। कटाई के बाद पेड़ के गोले को माजदा गाड़ी में लोड करने के लिए डोर से बांधकर पेड़ का सहारा लेकर टोचन कर रहा था। इस दौरान चालक ने ट्रैक्टर को चालू कर दिया। जिससे पेड़ की शाखा (डाली) टूटकर धरम के सिर में गिर गई। इलाज कराने के लिए धरम को बोलेरो वाहन से शासकीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

कागज को केमिकल में डाला, बाल्टी से नोट निकाला

# रायपुर के युवक को डेमो दिखाया, रुपए चार गुना करने का लालच देकर ठगी, 2 गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर के एक युवक को जादुई करतब देखना महंगा पड़ गया। दरअसल, ललित साहू नाम को युवक को किसी ने बताया कि बागबाहरा में कुछ लोग पैसे को चार गुना कर रहे हैं। लालच में पड़कर वो अपने दोस्तों के साथ कार से बागबाहरा गया। यहां उसे दो लोग मिले, जिन्होंने कागज को केमिकल भरी बाल्टी में डुबाकर पैसे बनाने का ढोंग किया। ललित उनके झांसे में आ गया।



ललित साहू ने रायपुर के माना थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। उसने बताया कि 1 अक्टूबर को अपने 4 दोस्तों के साथ परिचित के कहने पर बागबाहरा गया था। रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे तो वहां उन्हें त्रिलोचन राउत और आजब राव नाम के दो व्यक्ति मिले। पैसा चार गुना करने के झांसे में आकर उसने इन लोगों को 1 लाख 63 हजार रुपए दे दिए।

इसके बाद त्रिलोचन और आजब ने काले रंग के केमिकल में कागज को डुबाया। उन्होंने हाथ की सफाई से बाल्टी से नोट निकाल कर दिखा दिया। इससे ललित को भरोसा हो गया। उसने अपने पैसों को भी 4 गुना करवाने के लिए उन्हें 5 हजार रुपए तत्काल दे दिए।

### मैजिकल केमिकल खरीदने के बहाने मांगे रुपए

इस घटना के 2 दिन बाद एक जालसाज ने ललित साहू को फोन कर मैजिकल केमिकल खरीदने के बहाने रुपयों की मांग की। उसने कहा कि वो इसे ओडिशा से खरीदकर लाएगा। इसके बाद ललित ने उसे 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। ठग ने और रुपए मांगे तो ललित ने उसे अलग-अलग किस्तों में कुल 1 लाख 63 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

इस मामले में माना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों ठग त्रिलोचन राउत और आजब राव है। वे ठगी के इस पैटर्न से कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

# चलती ट्रक में लगी आग, ड्राइवर और हेल्पर ने गाड़ी से कूदकर जान बचाई

**कवर्धा (ए)।** रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे- 30 पर ग्राम पनेका के पास गुरुवार रात एक चलते ट्रक में आग लग गई। आग की लपटों से घिरे ट्रक को ड्राइवर खाली जगह तक चलाते हुए ले गया। फिर ड्राइवर और कंडक्टर दोनों ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इधर आग लगे ट्रक को देखकर लोग घबरा गए। उन्होंने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी।

मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने ट्रक में लगी आग पर काबू पाया। मामला दशरंगपुर पुलिस चौकी इलाके का है। जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक- यूपी 90 टी 7426 रायपुर से कांच लोड कर फरीदाबाद (उत्तर प्रदेश) जा रहा था। इसी दौरान ग्राम पनेका के पास चलते ट्रक में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ड्राइवर को इसका पता भी नहीं चला।

दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू: ट्रक में आग लगने से टायर फट रहा था, इसलिए किसी ने पास जाने की हिम्मत नहीं की। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। जब तक दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, तब तक ट्रक जलकर खाक हो गया था। हालांकि आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। कोई जनहानि नहीं हुई।



ट्रक को 200 मीटर दूर खाली जगह पर ले गए जब टायर तक आग पहुंच गई, तो उसमें ब्लास्ट हो गया। तब जाकर ड्राइवर और कंडक्टर को आग लगने का पता चल सका। जहां टायर में ब्लास्ट हुआ, वो रिहायशी इलाका था। ऐसे में ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को करीब 200 मीटर दूर खाली जगह पर ले जाकर खड़े कर दिया और जान बचाने के लिए खुद उतर दूर चले गए।

# रायपुर पुलिस कालोनी में आरक्षक की पत्नी की हत्या मामले में मिले अहम सुराग

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित पुलिस कालोनी में आरक्षक की पत्नी की गला रेतकर हत्या के मामले में दो दिन में अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस ने कुछ संदेहियों के अलावा मृतका जाली सिंह के स्वजनों से शुक्रवार को पांच घंटे से ज्यादा पूछताछ की है। मृतका के माता-पिता के अलावा पति और ससुराल पक्ष से जुड़े लोगों से अलग-अलग लंबी पूछताछ की गई है। पूछताछ में अहम जानकारी पुलिस के हाथ लगी है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा। हत्या पूरी प्लानिंग के तहत की गई है। बचने के सारे रास्ते भी आरोपियों ने तैयार कर रखे थे। पुलिस के अनुसार जाली के माता-पिता ने पूछताछ में साजिश के तहत बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है।

### हत्याकांड में पति से घंटों पूछताछ

वहीं पति शिशुपाल सिंह से पूछताछ के दौरान कई सवाल किए गए। पति के करीबियों के बारे में भी पूछताछ की गई। इसके अलावा जिस पर उसे शक था, उसके बारे में भी पूछा गया है। पुलिस संदेहियों पर नजर बनाए हुए है। शिशुपाल के अलावा उनकी बहन, जीजा और भतीजे से भी पूछताछ की गई है।



### लिए गए फिंगर प्रिंट

पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। फारेंसिक टीम की भी पूरी मदद ली जा रही है। घटना दिनांक को फारेंसिक टीम ने कई चीजें जब्त की थीं, जिसके फिंगर प्रिंट लिए गए हैं। इधर पुलिस ने संदेहियों के फिंगर प्रिंट लेकर मिलान के लिए भेज दिए हैं। उसमें से कुछ अहम जानकारी हाथ लगी है।

### रील में लाइक और कमेंट्स की पड़ताल कर रही

साइबर टीम जाली रील बनाने की शौकिन थीं। इंटरनेट मीडिया में आए दिन रील बनाकर पोस्ट करती थीं। अब पुलिस फॉलोवर के बारे में जानकारी जुटाकर उनमें संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसमें साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

एनीकट में मिली बुलेट से बंधी युवक की लाश

# बिलासपुर में सरकारी स्कूल में प्यून था मृतक, हत्या कर शव ठिकाने लगाने का शक

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर जिले में लीलागर नदी में बने एनीकट में शिक्षा विभाग के कर्मचारी की लाश मिली है। उसका शव बुलेट से बंधा हुआ मिला। इससे हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की आशंका जताई जा रही है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के मुताबिक, अमन मिरी (29) शिक्षा विभाग में प्यून था और मस्तूरी में रहता था। उसकी पोस्टिंग लावर स्थित स्कूल में थी। शुक्रवार को महा शिवरात्रि पर स्कूल की छुट्टी थी। परिजन ने बताया कि अमन शुक्रवार सुबह घर से घूमने के लिए निकला था। दोपहर में वह घर आया और एक बार फिर अपनी बुलेट लेकर बाहर चला गया।

### शाम को एनीकट में बुलेट से बंधी मिली लाश

घरवालों को लगा कि अमन घूमकर शाम तक लौट आएगा। इस बीच शाम करीब 5 बजे मस्तूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित देवगांव में लीलागर नदी पर बने एनीकट में लोगों ने एक शव देखा। पानी में लाश बाइक से बंधी थी। आसपास के लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की जानकारी पुलिस और परिजन को दी।

### हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

मौके पर पहुंची पुलिस शुरुआती जांच में इसे हत्या का केस मान रही है। जिस तरह से युवक की लाश बुलेट से बंधी मिली है, पुलिस को हत्या कर शव ठिकाने लगाने की आशंका है। पुलिस मृतक के परिजन और दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ये भी पता लगा रही है कि अमन अपने घर से किस वक्त और किसके साथ निकला था। आखिरी बार वह किसके साथ देखा गया था। पुलिस उसके दोस्तों से ये जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

# चलती बाइक पर युवक-युवती का रोमांस

## बिलासपुर में आधी रात लड़के को गले लगाए टंकी पर बैठकर घूमती रही युवती

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में चलती बाइक पर फिल्मी स्टाइल में युवक-युवती के रोमांस का वीडियो सामने आया है। इसमें एक युवती बाइक की टंकी पर बैठकर युवक के गले से लिपटी हुई नजर आ रही है। दोनों आधी रात को सड़क पर बाइक से घूम रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। युवक की ये हरकत ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन है। इससे युवक और युवती की जान को भी खतरा हो सकता था। हालांकि, पुलिस ने मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की देर रात हाईस्पीड बाइक पर युवक-युवती फर्राटे भर रहे थे। कुछ दूर आगे जाने के बाद युवक ने चलती बाइक पर युवती को आगे बैठाया। युवती बाइक की टंकी पर बैठकर युवक से लिपट गई।

### कोरबा पासिंग की है बाइक

युवक-युवती के आधी रात रोमांस का राह चलते किसी ने वीडियो बना लिया। इस वीडियो में युवक बाइक चलाता हुआ नजर आ रहा है और युवती टंकी पर बैठकर युवक को गले से लगाए दिख रही है। वीडियो में बाइक का नंबर भी साफ नजर आ रहा है। बाइक कोरबा पासिंग की है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

### ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखा

इस तरह से फिल्मी स्टाइल में बाइक पर स्टंट करना यातायात नियमों का उल्लंघन है। ट्रैफिक रूल्स के अनुसार लड़की को हेलमेट पहनकर बाइक पर लड़के के पीछे वाली सीट पर बैठना चाहिए। ट्रैफिक रूल्स को तोड़ते हुए दोनों युवक-युवती ने हेलमेट नहीं पहना था।





### पहले भी सामने आया था मामला

करीब साल भर पहले भी शहर के सिविल लाइंस इलाके में युवक-युवती के फिल्मी स्टाइल में रोमांस का वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद ट्रैफिक डीएसपी संजय साहू ने स्कूटी सवार युवक को पकड़ा था और उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया था।

इस वीडियो में युवक इसी तरह स्कूटी के सामने युवती को बैठाकर इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड और रघुराज स्टेडियम रोड पर घूम रहा था।

### आईपीसी की धारा 279 में सजा का प्रावधान

सड़क पर ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी की धारा 279 के तहत सड़क पर जल्दबाजी या लापरवाही से गाड़ी चलाने से किसी की भी जान को खतरा हो सकता है। ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर आरोपी को जेल तक जाना पड़ सकता है। जेल को 6 महीने के लिए बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें एक हजार रुपए तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। एक से ज्यादा बार इस तरह का अपराध करने पर जेल और जुर्माना दोनों से दंडित किया जा सकता है।

# तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बच्ची की मौत, ग्रामीणों ले किया चक्काजाम

**कटघोरा (ए)।** ग्राम बिंझरा के पास सिलेंडर से भरे पिकअप वाहन ने सड़क पार कर रही छह वर्ष की मासूम बच्ची को रौंद दिया। घटना में बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने मृतक बच्ची के मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। इससे पेंड्रा की ओर जाने वाले यात्री बसों व वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर कटघोरा पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे कटघोरा के इंडेन गैस सेवा केंद्र की पिकअप वाहन तेज रफ्तार में जटगा की ओर जा रही थी। ग्राम बिंझरा के पास एक ट्रक खड़ा हुआ था, उसी दौरान एक छह वर्षीय बच्ची मोनिका मिर्रे पिता अशोक मिर्रे सड़क पार कर रही थी। वाहन की गति तेज होने



की वजह से पिकअप चालक नियंत्रित नहीं कर सका और बच्ची को अपने चपेट में ले लिया। घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और नाराज ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य मार्ग में मृतक बच्ची के शव को रखकर चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग में दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने पर कटघोरा एसडीओपी पंकज सिंह ठाकुर, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। नाराज ग्रामीणों की मुआवजे की मांग पर पोड़ी- उपरोड़ा तहसीलदार को जानकारी दी गई, साथ ही मौके पर पुलिस ने नाराज ग्रामीणों को शांत कराया। स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने मृतक बच्ची के परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। साथ ही भाग गए पिकअप वाहन चालक को पकड़ कर वाहन जब्त कर जटगा पुलिस ने जब्त किया। जप्त कर लिया।

कटघोरा पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को शव सौंप दिया। साथ ही ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दुर्घटनाकारित पिकअप वाहन चालक व वाहन मालिक पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। एक बार फिर तेज रफ्तार ने मासूम की जान ले ली। 14 दिन में यह 13 वीं दुर्घटना है, जिसमें बच्ची की जान चली गई। पुलिस की समझाइश के बाद भी तेज रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### कटघोरा क्षेत्र के दौरे पर ज्योत्सना महंत - आशालता व अर्जुन सिंह को दी श्रद्धांजलि

कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत कटघोरा क्षेत्र के दौरे पर रहीं। उन्होंने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामवासियों से मुलाकात करते हुए जनसंपर्क किया। इस दौरान वे ग्राम छिंदपुर के कांग्रेस कार्यकर्ता कुलदीप राठौर के निवास पहुंचीं एवं उनकी माता व देव सिंह राठौर की धर्मपत्नी आशालता राठौर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया व मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसी कड़ी में गेवरा बस्ती बरपाली पहुँची सांसद ने भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री व अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कुंवर अर्जुन सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांसद ने इसके बाद ग्रामवासियों से मुलाकात की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पोषक दास महंत, भुवनेश्वर प्रसाद, मोती दिवाकर, विनय बिंझवार, शाहिद कुमार कुजूर, नवीन कुकरेजा, गीता गभेल, तारामणी कश्यप, उमा सोनी, मंजू यादव, संतोष राठौर, रमेश कुमार राठौर, प्रवीण राठौर भी उपस्थित थे। कटघोरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुढ़ली में ग्रामवासियों से भेंट मुलाकात करने पहुचीं सांसद ज्योत्सना महंत ने जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि एसईसीएल से प्रभावित ग्रामों का विकास के मामले में एसईसीएल की बेरुखी से ग्रामवासियों में रोष है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई,पोषक दास महंत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर, संतोषी महंत,श्रवण कश्यप, अमर गांधी,शिव राठौर, चन्द्रशेखर राठौर, रामदुलार कश्यप, संतोष दास महंत, अमित राठौर, लखन लाल राठौर, जय प्रकाश साहू, अभिमन्यु, तुलाराम राठौर, डॉ. सूरजभान आदि उपस्थित रहे।





मोदी की गारंटी
विष्णु देव साय का सुशासन

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# राज्य स्तरीय महापंचायत

**11 मार्च 2024,**
**साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर**

## श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल

**राज्यमंत्री, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार**
**की गरिमामयी उपस्थिति में**

### विभिन्न योजनाओं की राशि का अंतरण

- प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों हेतु राशि का अंतरण
- 833 ज्ञानोदय वाचनालय हेतु 25 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण
- अनुसूचित क्षेत्र की 600 ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर प्रदाय हेतु राशि का अंतरण

### सम्मान समारोह

- सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के विविध कार्यों के लिए सरपंचों का सम्मान
- लखपति दीदियों का सम्मान
- ड्रोन दीदी का सम्मान
- नियद नेल्लानार ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मान





सशक्त पंचायत | मजबूत छत्तीसगढ़ | सुदृढ़ भारत

R.O. No.39981/25

मुख्यमंत्री कार्यालय का व्हाट्सएप चैनल सब्सक्राइब करने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)